GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-06-2022

# जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** धोखाधड़ी कर रुपया हड़पने के आरोपित संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम सहसराव निवासी राकेश चौधरी की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादी प्रसन्ना जैन छत्तीसगढ़ के महावीर कालोनी का निवासी है। तीन माह पूर्व रेलवे स्टेशन के सामने उसे एक व्यक्ति संत के वेश भूषा में मिला जो अपना नाम रामायण सिंह बताया और मंदिर निर्माण के नाम पर दान देने के लिए कहा। जिसपर वादी ने उसके द्वारा दिए दो खातों में कुल दो लाख 90 हजार रुपया भेजा। एक माह पूर्व वादी को गोरखपुर बुलाया।

वादी 26 मई 2022 को गोरखपुर आया तो रामायण सिंह ने उसे कैम्पियरगंज ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचाने को कहा। वादी वहां पहुंचा तो सरदार मिला और वादी को मराचाहे बाबा की कुटी पर लेकर गया और दर्शन कराया। दर्शन कराने के बाद मुख्य पुजारी से मिलने के बहाने रेलवे क्रासिंग फरेंदा रेलवे पटरी की गाड़ी की पाखडंडी से चार सौ मीटर दूर ले गया जहां तीन गाड़ी पर चार पांच लोग आए और वादी के बैग में रखा आठ लाख रुपया धोखाधड़ी से ले लिए और उनके साथ सरदार भी फरार हो गया।

# साइबर अपराध से बचाव को छात्र-छात्रा जागरूक

**गोरखपुर (एसएनबी)**। साइबर अपराध थाना द्वारा बुधवार को गुरुकुल कोचिंग सेंटर गोलघर में छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं कर्मचारियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें यह बताया गया कि साइबर अपराध से बचने का एकमात्र उपाय जागरूकता है। साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देते बताया गया कि किसी भी अनजान कॉल करने वाले को अपना कोई भी वित्तीय संबंधी या अन्य गोपनीय विवरण न दें। खाता संख्या, मोबाइल नंबर और ओटीपी कदापि शेयर न करें। इसके अलावा आधार कार्ड और पैन कार्ड भी शेयर न करें। सोशल मीडिया अकाउंट जैसे जीमेल-ईमेल, फेसबुक, वाट्सऐप, इंस्टाग्राम, ट्विटर, आदि पर टू स्टेप वेरिफिकेशन ऑन रखें। साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों से कभी बिजल का बिल पेमेंट के नाम पर, कभी ईनाम निकलने के नाम पर, कभी लाटरी लगने के नाम पर, कभी बैंक अकाउंट में कोई चीज अपडेट करने के नाम पर आप से पर्सनल जानकारी हासिल कर लेते हैं। जरा सी चूक में वह आपके अकाउंट से सारा पैसा खाली कर लेते हैं। इसके अलावा तरह तरह से आपको ब्लैकमेल भी करते हैं। जबभी किसी विभाग का नाम लेकर कोई कॉलर आपको कॉल करता है तो उसे पर्सनल जानकारी न देकर सीधे नजदीकी संबंधित विभाग में जाकर उसकी पुष्टि कर लें। टीम में एसआई दिव्येंदु तिवारी, हेका. जयारंजन यादव, कांस्टेबल खुशबू मौर्य, कुमकुम यादव एवं कांस्टेबल राजीव यादव व प्रमोद यादव शामिल रहे।

# रुपया हड़पने के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** फर्जी व कुटरचित दस्तावेज के आधार पर रुपया हड़पने के आरोपित गाजीपुर जिले के भावरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर कलां निवासी आकाश गिरी की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि वादी वीर विपुल सिंह ने आरोपित आकाश गिरी, निजामुद्दीन अली व अजीत यादव से एक मकान मुबलिग 12 लाख रुपए में तय किया। जिसका मुवायदावय हुआ और एडवांस के रूप में तीन लाख रुपया करीब छः माह पूर्व लिया गया। मुवायदावय के समय आरोपित ने अपने माता सीमा गिरी व पिता ओमशंकर गिरी का मृत्यु प्रमाण पत्र भी दाखिल किया। वादी जब बैनामा करने को कहता तो आरोपित आकाश गिरी निजामुद्दीन व अजीत टाल मटोल करते। 18 दिसम्बर 2013 को वादी को पता चला कि आरोपित के माता पिता जीवित है और आरोपित ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर नगर निगम में नाम चढ़वाया है। यह भी जानकारी हुई की आरोपित ने अपनी माता को जीवित दिखाकर 20 जुलाई 2015 को उक्त मकान ललिता देवी के पक्ष में बैनामा कर दिया है।

# चोरी के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। रेलवे सुरक्षा वल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धरपकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 21 जून को रेलवे सुरक्षा वल पोस्ट, छपरा एवं राजकीय रेल पुलिस छपरा के वल सदस्यों द्वारा संयुक्त गत के दौरान छपरा स्टेशन से 19 वर्षीय एक व्यक्ति को चोरी के 1 अदद मोवाइल के साथ गिरफ्तार कर राजकीय रेल पुलिस, छपरा के अन्तर्गत मामला पंजीकृत किया गया। रेलवे सुरक्षा वल पोस्ट, वस्ती के वल सदस्यों एवं सीआईवी गोरखपुर द्वारा आपराधिक गतिविधि के निगरानी के दौरान 2 अदद यात्रा शेष टिकट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर रेल अधिनियम तहत मामला पंजीकृत किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# दो इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। शाहपुर पुलिस ने दो इनामी पशु तस्करों विशाल चौहान निवासी जंगल अहमद शाह टोला शाहपुर और सुमित कुमार निषाद पुत्र शिव कुमार निषाद निवासी जंगल धूषण हसनगंज थाना पिपराइच को बुधवार को लाला वाजार चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम था। उनके खिलाफ जानलेवा हमला करना, गोवध, तस्करी, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत 5-5 केस पहले से दर्ज हैं।

# बड़े भाई को चाकू मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

पिपराइच (एसएनबी)। पिपराइच पुलिस ने वड़े भाई को चाकू मारने के आरोपी 65 वर्षीय रामरतन निवासी चिउटहा को वुधवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उसने एक वर्ष पूर्व परिवारिक वटवारे की रंजिश को लेकर वादी और उसके वड़े भाई संतोष को जान मारने की नियत से चाकू से वार कर दिया था। जिसमें संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के वाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसके खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास का केस दर्ज था।

# पांच मोटरसाइकिल का पुलिस ने काटा चालान

उरुवा बाजार (एसएनबी)। बुधवार को थानाध्यक्ष उरुवा अजय कुमार मौर्य के नेतृत्व में अभियान चलाकर मोटरसाइकिल का चालान काटा गया। जिसमें कुल 5 मोटरसाइकिल का चालान किया गया। थानाध्यक्ष उरुवा ने वताया कि मोटरसाइकिल चालक ओवर स्पीड व मानक से अधिक लोगों को वैठकर चल रहे हैं। तो वहुत से लोगों के पास ड्राविंग लाइसेन्स भी नही है। जो विल्कुल गैर कानूनी है। वहुत से लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। दुकानदारों को



भी सख्त चेतावनी दे दी गई है कि उनके दुकान के सामने रोड पर गाड़ियां किसी भी दशा में खड़ी नही होनी चाहिए। इस दौरान सन्तोष त्रिपाठी, अरविंद कुमार यादव, सुनील शर्मा, दिनेश यादव, राहुल कुमार गौतम, सहित आदि लोग उपस्थित थे।

# गुंडा एक्ट में शातिर जिला बदर

भटहट (एसएनबी)। अपर जिलाधिकारी नगर के निर्देश पर गुलरिहा पुलिस ने 3/4 गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त हरिश्चंद्र गौतम को जिला वदर कर दिया। वुधवार को अभियुक्त के गांव में पुलिस द्वारा डुग्गी मुनादी के साथ स्थानीय लोगों को सूचित किया गया कि अभियुक्त को जनपद की सीमाओं से दूर छह माह के लिए जिला वदर किया गया है। जिले की सीमा में दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दी जाए। अभियुक्त के खिलाफ हत्या के प्रयास, गैर इरादतन हत्या, दुष्कर्म आदि के मुकदमे थाना स्थानीय स्तर पर दर्ज हैं।



गुलरिहा थाना क्षेत्र के भरवलिया निवासी हरिश्चंद्र गौतम को अपर जिलाधिकारी नगर विनित कुमार सिंह ने जिलावदर की कार्रवाई करने का आदेश गुलरिहा प्रभारी निरीक्षक को दिया था। न्यायालय ने अभियुक्त को महराजगंज के कोतवाली थाने में आमद कराने के उपरांत रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। वुधवार को गुलरिहा पुलिस आदेश का अनुपालन करते हुए महराजगंज के कोतवाली पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस टीम में चन्द्रभान सिंह, संजय कुमार, कांस्टेवल शिवम शुक्ला, रामसुरेश चौहान, संदीप यादव विनोद सिंह शामिल रहे।

# महिला की हत्या के आरोपी पति और सास गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। तिवारीपुर पुलिस ने महिला की हत्या के आरोपी पति राहुल साहनी और सास किसमती देवी निवासी माधोपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को डोमिनगढ़ रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा। दोनों भागने की फिराक में थे।

**21 जून को कमरे में फंदे से लटका मिला था शव**

**मायकेवालों ने दहेज हत्या का दर्ज कराया था केस**

तिवारीपुर इलाके के माधोपुर न्यू कालोनी में मंगलवार 21 जून, 2022 को गुड़िया का फंदे से लटका हुआ शव मिला था। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा कर हंगामा किया। मृतका की मां मंजू की तहरीर पर पुलिस ने पति और सास के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। मृतका गुड़िया ने 2 साल पहले जिस राहुल पर रेप करने का आरोप लगाया था, वाद में उसी से शादी की थी। इसके लिए पंचायत भी हुई थी। पीपीगंज थाना क्षेत्र के गेंगटा गांव में स्व़ नौमीनाथ साहनी का घर है। उनकी वेटी गुड़िया की शादी 2 साल पहले मााेपुर न्यू कालोनी में रहने वाले विजय साहनी के वेटे राहुल से हुई थी। दोनों का 9 महीने का एक वेटा भी है। मंगलवार सुवह मकान के कमरे में राहुल ने पंखे से लटकता गुड़िया का शव देखा। इस पर उसने शोर मचाया, तो मोहल्ले वाले भी वहां आ गए। जानकारी पाकर गुड़िया के मायके वाले भी पहुंच गए। उन लोगों ने हत्या का आरोप लगाकर ववाल करना शुरू कर दिया। राहुल साहनी के घर के पीछे ही गुड़िया का ननिहाल है। दोनों एकदूसरे को वचपन से जानते थे। कुछ साल पहले दोनों करीव आ गए। मगर, गुड़िया जव शादी करने के लिए कहने लगी, तो वह वहाने वनाने लगा। इसके वाद गुड़िया ने राहुल पर रेप का आरोप लगा दिया। मामला विगड़ जाने पर जनवरी, 2020 में राहुल के घर पर पंचायत हुई। इसमें दोनों की शादी कराने पर समझौता हुआ। इसके वाद मार्च में दोनों की शादी हो गई। गुड़िया के चचेरे भाई रामू ने वताया कि राहुल का किसी दूसरी लड़की से भी अफेयर है। इसकी वजह से वह अक्सर गुड़िया को प्रताड़ित करता था। मंगलवार सुवह राहुल ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर गुड़िया की गला दवाकर हत्या कर दी। रामू ने वताया कि राहुल 5 दिन पहले ही वैंकाक से लौटा है। राहुल वहां मजदूरी करता है और रेहड़ी लगाता है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में आगजनी की फैलाई अफवाह

गोरखपुर (एसएनबी)। अग्निपथ योजना के विरोध में आगजनी की अफवाह फैलाना और झूठा सूचना देना युवक को महंगा पड़ गया। जिसके वाद गीडा पुलिस ने आरोपी को महराजगंज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान परसामीर निवासी मोहम्मद के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के साथी दीपू कुमार वर्मा को भी पकड़ा है।

गीडा इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह ने वताया कि मंगलवार की शाम को एक युवक ने डॉयल 112 के कंट्रोल रूम में सूचना दिया कि अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे कुछ लड़के राजघाट पुल के नीचे नौसड़ पर आगजनी कर दिए हैं। तत्काल एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, सीओ कैंपियरगंज अजय सिंह मौके पर पहुंच गए। जांच में पता चला कि सूचना फर्जी थी।

**पुलिस पहुंची तो जल रहा था नगर निगम का कूड़ा**

**आरोपी को पुलिस ने पकड़ा**

जांच में सामने आया कि जिस जगह पर आगजनी की सूचना दी गई। वहां वो पर हर दिन नगर निगम कूड़ा इकठ्ठा कर जलाया जाता है। इसके वाद पुलिस ने 6391788589 मोवाइल नंवर से सूचना देने वाले मोहम्मद रेहमुद्दीन और इस काम में उसका साथ देने वाले दीपू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक महराजगंज का रहने वाला है और वह वर्तमान में किराए पर गीडा के गौसपुर में रहता है। दीपू ने कुछ व्हाटसएप ग्रुप में भी इस मैसेज को डाला था। पुलिस ने उसके खिलाफ अफवाह फैलाने और फर्जी सूचना देने के आरोप में केस दर्ज किया है।

महराजगंज जिले का रहने वाला है आरोपित रेहमुद्दीन, वर्तमान में गीडा में रह रहा था

# बवाल की झूठी सूचना देने में युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर,वरिष्ठ संवाददाता।** गीडा इलाके में रहने वाले एक युवक ने कंट्रोल रूम पर झूठी सूचना देकर बताया था कि अग्निपथ योजना के विरोध में कुछ लड़कों ने नौसढ़ में राजघाट पुल के नीचे गाड़ियों में आगजनी कर दी है। सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां कुछ नहीं था। जांच के बाद पता चला कि आरोपित ने झूठी सूचना दी थी। गीडा पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। युवक महराजगंज का निवासी है वह गीडा इलाके में रहता था।

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने सेना की ओर से किये जा रहे भर्ती प्रक्रिया को लेकर धरना-प्रदर्शन व अफवाह फैलाने वालों के ऊपर कार्यवाही का निर्देश दिया है। भर्ती की तैयारी कर रहे युवकों को समझा बुझाकर शान्ति व्यवस्था कायम किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे 112 नम्बर पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि कुछ लड़के राजघाट पुल के नीचे नौसड़ पर आगजनी कर रहे हैं। सूचना पर अफरातफरा का माहौल बन गया।

**अग्निपथ योजना**

- कंट्रोल रूम में झूठी सूचना देकर अफवाह फैलाने की कोशिश
- राजघाट पुल के नीचे गाड़ियां जलाने की दी थी सूचना

मौके पर एडीएम सिटी, एसपी उत्तरी, सीओ कैम्पियरगंज, प्रभारी निरीक्षक गीडा आदि पहुंचे। जांच की गई तो पता चला कि कुछ नहीं हुआ है। यही नहीं, यहां प्रतिदिन नगर निगम द्वारा कूड़ा इकट्ठा कर जलाया जाता है। उसके बाद पुलिस ने सूचना देने वाले नम्बर के आधार पर मो. रेहमुद्दीन पुत्र सराफत अली निवासी परसामीर थाना सिन्दुरिया बाजार जिला महराजगंज, हाल मुकाम गौसपुर थाना गीडा के विरूद्ध अफवाह फैलाने व फर्जी सूचना देने के सम्बन्ध में केस दर्ज कर लोकेशन के आधार पर उसे कालेसर मंदिर के सामने से दोपहर में गिरफ्तार कर लिया।

## भड़काऊ मैसेज पर मुकदमा दर्ज हुआ

**हरपुर बुदहट।** अग्निपथ योजना के विरोध में लोगों को भड़काने के मकसद से वाट्सएप पर एक ग्रुप बनाकर उस पर भड़काऊ मैसेज वायरल करने के आरोप में हरपुर बुदहट पुलिस ने थाना क्षेत्र के सजनापार निवासी एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है ।

हरपुर बुदहट क्षेत्र के सजनापार निवासी दीपक कुमार पुत्र रामदरश एक वाट्सएप ग्रुप बनाकर आर्मी की तैयारी कर रहे युवकों को जोड़कर उस पर सेना द्वारा लाई गई अग्निपथ योजना के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट डाल रहे थे ,जब इसकी जानकारी तैयारी कर रहे युवाओं ने हरपुर बुदहट एसओ नितिंन रघुनाथ श्रीवास्तव को दी तो पुलिस ने तत्काल दीपक कुमार के खिलाफ इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



गंगोत्री देवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं आरटीओ।

# यातायात नियमों का पालन सबकी जिम्मेदारी

गोरखपुर। गंगोत्री देवी स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नर्सिंग छात्राओं को यातायात व्यवस्था के संचालन, आईटीएमएस कंट्रोल रूम आदि के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह व विशिष्ट अतिथि आरटीओ अनिता सिंह रहीं।

# दहेज हत्या में आरोपित मां-बेटे को किया गिरफ्तार

- तिवारीपुर में फंदे से लटकता मिला था विवाहिता का शव
- केस दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जेल भेजे गए

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। तिवारीपुर क्षेत्र के माधोपुर न्यू कॉलोनी में मंगलवार की सुबह 22 वर्षीय एक विवाहिता का फंदे से लटकता हुआ शव मिला था। मामले में मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। आरोपितों पर केस दर्ज कर पुलिस ने मंगलवार की रात में मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

पीपीगंज थाना क्षेत्र के गेंगटा गांव निवासी स्वर्गीय नौमीनाथ साहनी की 22 वर्षीय बेटी गुड़िया की शादी दो साल पहले माधोपुर न्यू कॉलोनी निवासी विजय साहनी के बेटे राहुल से हुई थी। गुड़िया का नौ महीने का एक बेटा है। मंगलवार की सुबह कमरे में राहुल ने जंगल के रास्ते पंखे से लटकता हुआ गुड़िया का शव देखा। राहुल के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। जानकारी पाकर गुड़िया के मायके वाले भी पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाकर बवाल काटना शुरू कर दिया।

## पांच दिन पहले ही घर लौटा है राहुल

गुड़िया के चचेरात भाई रामू ने बताया कि राहुल का किसी अन्य युवती से प्रेम-संबंध चल रहा था जिसकी वजह से वह आए दिन गुड़िया को प्रताड़ित करता था। मंगलवार की सुबह वह परिजनों संग मिलकर बहन की गला कसकर हत्या कर दिया और शव को फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का रूप दिया था।

**दो साल पहले ही हुआ था प्रेम विवाह:** माधोपुर न्यू कॉलोनी निवासी राहुल साहनी के घर पीछे ही गुड़िया का ननिहाल है। दोनों एक दूसरे को बचपन से जानते थे।

## गुलरिहा पुलिस ने किया जिला बदर

**गोरखपुर।** गुलरिहा के भरवलिया निवासी हरिश्चन्द गौतम के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई। आदेश के क्रम में अभियुक्त हरिश्चन्द गौतम को गुलरिहा पुलिस ने डुगडुगी मुनादी कराकर नोटिस तामिला जिला बदर कर दिया।

# जमीन के विवाद में मनबढ़ों ने गर्भवती को पीटा

**सहजनवा।** क्षेत्र के तितनापार में मनबढ़ों ने जमीनी विवाद को लेकर एक गर्भवती महिला को पीट दिया। इससे उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। पीड़िता मुन्नी देवी पत्नी अवधेश यादव ने आरोप लगाया है कि मंगलवार को सुबह पट्टीदार घरेलू विवाद को लेकर बेटे विशाल को पीटने लगे। बचाव करने गयी गर्भवती बेटी को भी पीटा। पीड़िता ने थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

# दो प्रेमियों का शांतिभंग में चालान

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में मंगलवार को एक प्रेमिका के चक्कर में दो प्रेमी आपस में जमकर मारपीट कर लिए थे। इसी बीच प्रेमिका ने डायल 112 को सूचना दे दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले ली। मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने दोनों को शांतिभंग में चालान कर दिया है।

# डिलिवरी वैन से रुपयों से भरा बैग लेकर उचक्के फरार

## खोराबार इलाके में हुई घटना, बैग में थे 73 हजार 398 रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

**खोराबार (गोरखपुर)।** इलाके के सिक्टौर स्थित जंगल अयोध्या प्रसाद के पास डिलिवरी वैन से रुपयों से भरा बैग लेकर बाइक सवार तीन बदमाश फरार हो गए। बैग में 73 हजार 398 रुपये थे। चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच में जुटी है। चालक ने खोराबार पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के मुताबिक, नौसड़-खजनी मार्ग पर हरैया मोड़ के पास उड़ान एक्सप्रेस कंपनी का दफ्तर है। कंपनी ऑनलाइन आर्डर पर किराने का खाद्य सामग्री मैजिक

**पुलिस सीसीटीवी की मदद से बदमाशों की तलाश में जुटी**

गाड़ी से जगह-जगह दुकानों पर पहुंचाती है। कंपनी का वैन चालक सिकरीगंज के सहुआ निवासी रमेश यादव एक अन्य कर्मचारी गीडा के तेनुआ टोल प्लाजा निवासी रामशरण गुप्ता के साथ डिलिवरी वैन से सामान पहुंचाने बुधवार की सुबह निकला था। पहले ये लोग खोराबार के रायगंज में दो दुकानों, सूबा बाजार की एक दुकान, जंगल सिकरी और रानीडिहा के एक दुकान पर सामान दिया। वहां से उन्हें सामान के बदले रुपये भी मिले थे, जिसे इन लोगों ने बैग में रखा था।

दोपहर करीब एक बजे वैन सिक्टौर के जंगल अयोध्या प्रसाद स्थित प्रेम किराना स्टोर्स पर सामान देने पहुंची। चालक और कर्मचारी सामान लेकर दुकान पर चले गए। रुपयों से भरा बैग वैन में ही था। इस दौरान दो बाइक से तीन युवक आए और बैग लेकर फरार हो गए। चालक की नजर पड़ते ही वह दौड़ाने लगा, लेकिन बदमाश भाग निकले। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस टीमें लगाई गई हैं, जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

**भटहट।** पिपराइच इलाके के चिउटहां गांव में संतोष (30) पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी रामरतन को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

**पिपराइच इलाके में छह महीने पहले हुई थी घटना**

चिउटहां निवासी संतोष ने पिपराइच थाने में केस दर्ज कराया था। दर्ज केस के मुताबिक, 18 दिसंबर 2021 को नहर के पास स्थित दुकान को बंद कर संतोष घर जा रहे थे। रास्ते में चाचा रामरतन, अश्वनी, दीपक और अजय ने मिलकर पिटाई शुरू कर दी। चाकू से सीने पर भी हमला किया गया था। तब संतोष को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी अजय को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था। बुधवार को रामरतन को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दो आरोपी अश्वनी और दीपक अभी फरार हैं। एसपी नार्थ का कहना है कि दोनों को भी गिरफ्तार कर लिए जाएगा।

# आगजनी की सूचना देकर मचाया हड़कंप, दो गिरफ्तार

## युवाओं ने कंट्रोल रूम में दी थी नौसड़ के पास आग की सूचना

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सेना की अग्निपथ योजना का प्रदेश के अन्य जिलों में हो रहे विरोध के बीच गत मंगलवार को नौसड़ के पास युवाओं द्वारा आगजनी किए जाने की सूचना से हड़कंप मच गया।

आननफानन एसपी नार्थ मनोज अवस्थी और एडीएम सिटी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जांच में पता चला कि सूचना फर्जी है। जहां आगजनी की सूचना दी गई, वहां नगर निगम की तरफ से रोज ही कूड़ा जलाया जाता है। जानबूझकर अफवाह फैलाने के लिए सूचना दी

### गीडा पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा

गई थी। पुलिस ने जांच के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान महराजगंज के सिंदुरिया निवासी मोहम्मद रेहमुद्दीन और शाहपुर के बशारतपुर निवासी दिनेश वर्मा के रूप में हुई है। रेहमुद्दीन वर्तमान में गीडा के गौसपुर में रहता है। पुलिस के मुताबिक, सेना भर्ती तैयारी कर रहे युवकों को समझा कर जनपद में शांति कायम की गई है। इसी बीच मंगलवार को तीन बजे डायल 112 पर सूचना आई कि कुछ युवाओं ने नौसड़ की तरफ राजघाट पुल के नीचे आगजनी कर दी है। इसकी सूचना कंट्रोल रूम में आई तो हड़कंप मच गया। पुलिस व प्रशासनिक अफसर तत्काल मौके पर पहुंच गए। छानबीन में पता चला कि किसी ने बदमाशी की है। इसी का नतीजा रहा कि अफवाह फैलाने व फर्जी सूचना देने के संबंध में गीडा थाने में केस दर्ज किया गया। सर्विलांस की मदद से आरोपियों की लोकेशन ली गई, फिर बुधवार को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# रुपये हड़पने के आरोपी की जमानत खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने बुधवार को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर रुपये हड़पने के आरोपी गाजीपुर जिले के भावरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर कलां निवासी आकाश गिरी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि वादी वीर विपुल सिंह ने आरोपी आकाश गिरी, निजामुद्दीन अली व अजीत यादव से एक मकान 12 लाख रुपये में तय किया, जिसका मुवायदावय हुआ और एडवांस के रूप में तीन लाख रुपये करीब छह माह पहले लिया गया।

मुवायदावय के समय आरोपी ने अपने माता सीमा गिरी व पिता ओमशंकर गिरी का मृत्यु प्रमाण पत्र भी दाखिल किया। वादी जब बैनामा करने को कहता तो आरोपी आकाश गिरी. निजामुद्दीन व अजीत टालमटोल करते।18 दिसंबर 2013 को वादी को पता चला कि आरोपी के माता- पिता जीवित हैं। फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर नगर निगम में नाम चढ़वाया है।

यह भी जानकारी हुई की आरोपी ने अपनी माता को जीवित दिखाकर 20 जुलाई 2015 को उक्त मकान ललिता देवी के पक्ष में बैनामा कर दिया है।

## धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या ने धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने के आरोपी संतकबीरनगर के बखिरा थाना क्षेत्र के सहसराव गांव निवासी राकेश चौधरी की जमानत अर्जी बुधवार को खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव व विशेष लोक अभियोजक धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादी प्रसन्ना जैन छत्तीसगढ़ के महावीर कॉलोनी का निवासी है। तीन महीने पहले राकेश चौधरी ने ठगी की थी। ब्यूरो

# तिहरे हत्याकांड की सूचना से हड़कंप

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल इलाके के रामगढ़ में बुधवार शाम पांच बजे तीन हत्याओं की सूचना से हड़कंप मच गया। इंस्पेक्टर सुशील शुक्ला फोर्स के साथ गांव में पहुंच गए। करीब एक घंटे तक पुलिस आसपास के इलाकों में जांच करती रही लेकिन, कोई घटना सामने नहीं आई। सूचना देने वाले का मोबाइल बंद हो गया था। पुलिस झूठी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले की तलाश में जुटी है। ब्यूरो

# गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**कैंपियरगंज।** पुलिस ने बुधवार को गैंगस्टर के आरोपी मिंटू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी माधोनगर थाना पनियरा का स्थायी निवासी है। उस पर कई मुकदमे दर्ज थे, जिसके बाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। बुधवार को पुलिस ने मोदीगंज तिराहे के पास से उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

महावीर छपरा। बेलीपार थाना क्षेत्र के महावीर छपरा के पास मंगलवार रात सड़क हादसे में घायल पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, बेलीपार थाना के श्रीपुरा निवासी राजेश चौधरी (50) अपने बेटे सुधीर के साथ मंगलवार शाम महावीर छपरा से अपने घर श्रीपुरा जा रहे थे। अभी वह बड़ेरिया मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा हो गया। बाइक पर पीछे बैठे राजेश चौधरी को गंभीर चोट आई थी। मंगलवार की देर रात मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। राजेश चौधरी मुंबई में रहकर कारपेंटर का कार्य करते थे। एक माह पूर्व बड़े बेटे की शादी में घर आए थे। ब्यूरो

# लापता भाई-बहन को पुलिस ने खोजा

गुलरिहा। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के वार्ड नंबर पांच से लापता भाई-बहन को पुलिस ने खोजकर मां-बाप को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की शाम बिहार प्रांत के बेतिया जिला के लौरिया थाना के सिसवा बंसतपुर गांव निवासी बृजेश चौधरी अपनी पत्नी राबड़ी व दो बच्चों सलोनी (6),भोला (3) के साथ बीआरडी मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए आए थे। राबड़ी को वार्ड में भर्ती करवाया था। बुधवार दोपहर एक बजे बृजेश कुछ सामान लेने के लिए बाहर चले गए। इसी दौरान दोनों बच्चे वार्ड से लापता हो गए। परिजन काफी तलाश किए नहीं मिलने पर चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सक्रिय हुए चौकी इंचार्ज अनूप सिंह, कांस्टेबल राजीत यादव, प्रदीप गौड़, प्रमोद ने दो घंटे में बच्चों को खोज लिया। ब्यूरो

# विवाहिता की मौत मामले में पति व सास गिरफ्तार

गोरखपुर। तिवारीपुर इलाके के माधोपुर में मंगलवार को विवाहिता गुड़िया (22) की मौत मामले में आरोपी पति राहुल और सास किसमती को पुलिस ने जेल भिजवा दिया। पुलिस ने गुड़िया की मां मंजू की तहरीर पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

जानकारी के मुताबिक, पीपीगंज थाना क्षेत्र के गैंगटा गांव निवासी गुड़िया की शादी दो साल पहले माधोपुर न्यू कॉलोनी निवासी राहुल से हुई थी। दोनों का प्रेम विवाह था। गुड़िया का नौ महीने का एक बेटा है। पति राहुल बाहर रहकर मजदूरी करता है। पांच दिन पहले ही घर लौटा है। मंगलवार सुबह सात बजे राहुल ने पड़ोसियों को बताया कि गुड़िया ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। जानकारी होने पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया था। गुड़िया की मां मंजू की तहरीर पर पुलिस ने राहुल व उसकी मां किसमती के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो



**जागरुकता** गंगोत्री देवी महिला पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को एसपी ट्रैफिक एमपी सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद

# हरिश्चंद्र गौतम जिला बदर

**भटहट।** गैर इरादतन हत्या, हत्या की कोशिश और दुष्कर्म सहित कई मामलों के आरोपी हरिश्चंद्र गौतम को जिला बदर घोषित कर दिया गया। पुलिस उनके घर पहुंचकर मुनादी कराई और स्थानीय लोगों को इनके किए गए अपराध की जानकारी दी। ब्यूरो

# विवाहिता की मौत मामले में पति व सास गिरफ्तार

गोरखपुर। तिवारीपुर इलाके के माधोपुर में मंगलवार को विवाहिता गुड़िया (22) की मौत मामले में आरोपी पति राहुल और सास किसमती को पुलिस ने जेल भिजवा दिया। पुलिस ने गुड़िया की मां मंजू की तहरीर पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

जानकारी के मुताबिक, पीपीगंज थाना क्षेत्र के गेंगटा गांव निवासी गुड़िया की शादी दो साल पहले माधोपुर न्यू कॉलोनी निवासी राहुल से हुई थी। दोनों का प्रेम विवाह था। गुड़िया का नौ महीने का एक बेटा है। पति राहुल बाहर रहकर मजदूरी करता है। पांच दिन पहले ही घर लौटा है। मंगलवार सुबह सात बजे राहुल ने पड़ोसियों को बताया कि गुड़िया ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। जानकारी होने पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया था। गुड़िया की मां मंजू की तहरीर पर पुलिस ने राहुल व उसकी मां किसमती के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# इनामी पशु तस्करों को दबोचा

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने 25-25 हजार के दो इनामी गौ तस्करों को बुधवार को लाला चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ शाहपुर थाने में केस दर्ज था।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान पिपराइच के जंगल अहमद शाहपुर टोला निवासी विशाल चौहान और जंगल धूसड़ निवासी सुमित कुमार निषाद के रूप में हुई।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस टीम पर हमला कर फरार होने के आरोपी पशु तस्करों पर थाने में केस दर्ज था। पुलिस टीम तलाश में लगी थी। इसी बीच असुरन चौकी प्रभारी कुंवर गौरव सिंह की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लाला चौराहे पर दोनों तस्कर मौजूद हैं।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पहले भी जेल जा चुके हैं। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 23/6/22

# शौचालय का फाटक लगा रहे मजदूर को पुलिस ने भेजा जेल

**बरहज (एसएनबी)**। रविवार को नगर के पैना रोड स्थित पेट्रोल पम्प के पास अग्निवीर योजना को लेकर सैकडों उपद्रवी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस के घेराबन्दी में जहां एक दर्जन युवकों को गिरफ्तार किया गया वहीं आधा दर्जन युवकों को दविश देकर उनके घरों से पुलिस ने गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में मुकद्मा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। नगर के नयानगर में एक मजदूर उसी दिन शौचालय का फाटक लगा रहा था। शोर सुनकर घर से बाहर निकला तो उसे भी पुलिस ने जबरदस्ती पकड़कर लिया। युवक की मां लगातार पुलिस से अपने युवक को निर्दोष बता रही थी लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी और उसे थाने लेकर चली आयी। मां मालती देवी भी थाने पहुंची और पूरे दिन अपने बेटे को पुलिसकर्मियों से छोड़ने की गुहार लगाती रही। पुलिसकर्मियों द्वारा आश्वासन दिया जा रहा था लेकिन अन्त में पुलिस ने उसे भी जेल भेज दिया। पीड़ित मालती देवी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि वार्ड संख्या 9 नयानगर की निवासी हूं। पति के निधन के बाद मेरा बेटा अरविन्द साहनी और मैं मजूदरी करके किसी तरह से परिवार का भरण पोषण करते है। जिस दिन नगर में अग्निवीर को लेकर सैकड़ों युवक प्रदर्शन कर रहे थे उस दिन मेरा बेटा घर में शौचालय का फाटक बना रहा था। इसी बीच युवकों को पकड़ने के लिए पुलिस दौड़ रही थी। युवक तीतर बीतर हो रहे थे और बाहर शोर सुनकर मेरा बेटा घर से बाहर निकला तो पुलिस ने उसे जबरदस्ती पकड़ लिया। मेरे द्वारा बार-बार बेकसूर बताने पर भी पुलिस ने नहीं छोड़ा और मेरे बेटे को थाने लेकर चली गयी। मुहल्ले के लोगों सहित वार्ड के सभासद ने भी लिखकर दिया है कि अरविन्द साहनी अपने घर में शौचालय का फाटक बना रहा था। अग्निवीर मामले से उसका कोई लेना देना नहीं है। मालती देवी ने जांच कर अपने बेटे को रिहा करने की मांग की है।

**रविवार को हुए अग्निवीर प्रदर्शन का मामला**

राष्ट्रीय सहारा दि. 23/06/22

# पति की शादी की सूचना मिलते ही दुल्हन के घर पहुंची पत्नी

देवरिया(एसएनबी)। महुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हेतिमपुर गांव के एक टोले पर बुधवार की देर शाम आ रही एक बरात में दूल्हे के पहुंचने से पहले ही उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ दुल्हन के दरवाजे पर पहुंच गई। जब उसने हकीकत सबको बताया तो दुल्हन पक्ष के सारे रिश्तेदार धीरे धीरे खिसकने लगे। दरवाजे पर लोगों की भीड़ जुट गई। महिला के हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शादी रोकवा दिया। महुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हेतिमपुर गांव में बुधवार को झारखंड से एक युवक बरात लेकर आ रहा था। बारात पहुंचने से कुछ समय पहले ही उसकी पत्नी उसके दो बच्चों के साथ दुल्हन के

**शादी की सूचना मिलने पर दो बच्चों के साथ झारखंड से आई थी पत्नी**

**दुल्हन का मामा लगाया था शादी , पुलिस ने शादी रुकवाई**

घर आ धमकी। यहां दुल्हन के घर शादी की सारी तैयारियां पूरी हो गई थी। सबको बरात आने का इंतजार था। पहले उसने दूल्हे के बारे में सारी जानकारी ली । जानकारी लेकर वह आक्रामक हो गई। उसने कहा कि जो दूल्हा यहां बरात लेकर आ रहा है वह मेरा पति है और यह दोनों बच्चे उसी के हैं। यह बात सुनकर दरवाजे पर जुटे रिश्तेदार और गांव वाले भी भौचक रह गए। शादी समारोह में शामिल होने आए सभी रिश्तेदार तो खिसक लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को समझाबुझाकर शादी को रोकवा दिया। जानकारी के अनुसार, हेतिमपुर में जिस लड़की से शादी कराई जा रही थी उसका सगा मामा ही अगुवा था। उसने यहां बताया था कि युवक की शादी नहीं हुई है। इस मामले में हेतिमपुर के प्रभारी चौकी इंचार्ज दिनेश मौर्य ने बताया कि हेतिमपुर में झारखंड से बुधवार की शाम एक बरात आ रही थी। झारखंड से पहुंची महिला सहित सबको समझाकर घर भेज दिया गया है। शादी नहीं हुई।

# 1.300 किग्रा. गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। सदर कोतवाली पुलिस ने 1.300 किग्रा. नाजायज गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सदर कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रह्लाद गोंड मय फोर्स क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर पुरवा चौराहा गैस गोदाम के पास से तीन व्यक्तियों को एक किलो 300 ग्राम नाजायज़ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम व पता क्रमशः आशिफ अंसारी पुत्र असलम अंसारी निवासी अबूबकरनगर वार्ड नं. 23 थाना कोतवाली जनपद देवरिया, विजय विश्वकर्मा पुत्र बृजमोहन विश्वकर्मा निवासी पुरवा चौराहा निकट आरटीओ आफिस थाना कोतवाली जनपद देवरिया एवं शनि डोम पुत्र संजय डोम निवासी मेहड़ा पुरवा काशीराम शहरी आवास ब्लाक नं. 13/7 थाना कोतवाली जनपद देवरिया बताया। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान 23/5/22

# सात पशुओं समेत तस्कर गिरफ्तार

मईल। पुलिस ने सात गोवंशीय पशुओं के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मईल के थानाध्यक्ष अनिल कुमार गस्त पर थे।

वाहन चेकिंग के दौरान अंड़िला से एक पिकअप पर चार गोवंशीय पशु बरामद किए गए। पुलिस ने वाहन से प्रहलाद कुमार पिपरी उर्फ बधी थाना खुखुन्दू को गिरफ्तार कर लिया।

हिन्दुस्तान दि. 23/6/22

# बरहज बवाल के आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस

**फॉलोअप**

- दिन व रात में पुलिस का वाहन व गश्त देख सहम रहे हैं ग्रामीण
- हर गतिविधि पर नजर रख रहे सिविल ड्रेस में घूम रही पुलिस

**बरहज, हिन्दुस्तान संवाद।** अग्निपथ स्कीम को लेकर चार दिन पूर्व बरहज में उपजे बवाल को लेकर पुलिस सतर्कता बरत रही है। इस समय पुलिस की गश्त काफी तेज हो गई है। दिन व रात में घूम रही पुलिस संदिग्ध युवाओं पर नजर रख रही है। गांवों में पुलिस के वाहन को देख ग्रामीण सहम रहे हैं। सिविल ड्रेस में घूम रही पुलिस हर एक गतिविधियों पर नजर रखने का काम कर रही है। बवाल करके फरार चल रहे नामजदों की तलाश जारी है।

शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सजग है। बुधवार को मयफोर्स बरहज रेलवे स्टेशन पहुंचे एसओ जयशंकर मिश्र ने पैदल मार्च कर स्टेशन पर मौजूद कुछ युवाओं से जानकारी ली। इस समय पुलिस फोर्स, पीएसी व क्यूआरटी गश्त तेज कर संदिग्ध युवाओं पर नजर रख रही है। अधिकांश युवा गांव छोड़ पलायन कर चुके हैं। उनकी तलाश में गांव जा रही पुलिस को देख ग्रामीण सहम रहे हैं। बरहज के तीनों बाइपास पर सिविल ड्रेस में घूम रही पुलिस आने जाने वालों पर नजर रख रही है। कस्बे के प्रमुख कॉलेज गेटों पर पुलिस फोर्स निगरानी कर रही है। बवाल में शामिल 18 आरोपी को पुलिस जेल भेज चुकी है। 16 नामजद आरोपियों को चिन्हित कर पुलिस ने विविध धारा में केस दर्ज किया है। फरार चल रहे चिन्हित अभियुक्तों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।



बरहज रेलवे स्टेशन पर बुधवार को मयफोर्स पहुंचे थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने पैदल गश्त करते हुए हर एक गतिविधियों पर नजर रखा । • हिन्दुस्तान

## फर्जी तरीके से केस में फंसाने का आरोप

कस्बा के नंदना वार्ड पूर्वी वार्ड संख्या-9 नयानगर निवासी मालती देवी पत्नी स्व. सोहन लाल ने एसपी को शिकायती पत्र सौंप उनके पुत्र अरविन्द साहनी को फर्जी तरिके से केस में फसाने का आरोप पुलिस पर मढ़ा है। शिकायती पत्र के माध्यम से महिला ने कहा है कि अग्निवीर प्रदर्शन के समय उनका पुत्र अरविन्द घर पर शौचालय का दरवाजा बनवा रहा था। उसी समय भाग रहे किसी व्यक्ति को दौड़ाते हुए पुलिस आई तो वह छत पर चढ़कर भाग गया। शोर सुन उनका पुत्र अरविन्द बाहर आया तो पुलिस उसे उठा ले गई। थाने पर पहुंची तो किसी ने कोई भी बात नहीं सुनी। पीड़िता विधवा है जो मजदूरी करती है। हाईस्कूल पास उसका पुत्र भी मजदूरी का काम करता है। जो कभी भर्ती में नहीं गया है। पीड़िता ने मामले की जांच कराते हुए पुत्र का नाम केस से निकालने की गुहार एसपी से लगाई है।

हिन्दुस्तान दि. 23/6/22

# गांजा संग तीन लोग गिरफ्तार

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के दरोगा प्रहलाद गौड़ के द्वारा सदर कोतवाली क्षेत्र के अबुकर नगर मोहल्ले के रहने वाले आसिफ अंसारी पुत्र असलम के पास से 500 ग्राम अवैध गाजा बरामद किया। दूसरी तरफ सदर कोतवाली क्षेत्र के विजय विश्वकर्मा पुत्र बृजमोहन पुरवा चौराहा के रहने वाले के पास से पुलिस ने तलाशी ली तो 350 ग्राम अवैध गाजा बरामद किया।

दै० जागरण 23/6/22

# गांजा के साथ तीन गिरफ्तार, गए जेल

**जासं, देवरिया:** पुलिस ने गांजा के साथ बुधवार को तीन युवकों को गिरफ्तार किया। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। सदर कोतवाली के उप निरीक्षक प्रह्लाद गोंड मंगलवार की रात गश्त पर थे। इसी बीच पुरवा चौराहा गैस गोदाम के पास तीन युवक संदिग्ध हाल में मिले।

तलाशी लेने पर उनके पास गांजा मिला। शहर के अबूबकरनगर के आसिफ अंसारी पुत्र असलम अंसारी के पास 500 ग्राम गांजा, पुरवा चौराहा निवासी विजय विश्वकर्मा के पास 350 ग्राम गांजा व कांशीराम शहरी आवास में रहने वाले मनी डोम के पास 450 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने तीनों के विरुद्ध नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

दैनिक जागरण दि. 23/6/22

# अग्निपथ योजना के विरोध में उपद्रव करने वाले दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देवरिया: अग्निपथ योजना के विरोध में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर बवाल करने वालों की पहचान में पुलिस जुटी है। बुधवार को भलुअनी थानाक्षेत्र के दो आरोपितों की पहचान होने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शांतिभंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

सदर रेलवे स्टेशन पर बवाल करने वालों की वीडियो के जरिए तस्वीर तैयार की गई है। सभी थानाक्षेत्रों की पुलिस पहचान में जुटी है। पुलिस ने भलुअनी थानाक्षेत्र के कुतिया हाटा के विशाल यादव व गहिर के मुकेश की पहचान की और कोतवाली पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों उपद्रवियों के विरुद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने करीब सौ से अधिक युवाओं की तस्वीर तैयार की है। यह सभी युवा देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर बवाल में शामिल रहे हैं। इन तस्वीरों को सभी थानों के बीट पुलिस अधिकारियों के वाट्सएप ग्रुप के जरिये उपलब्ध कराया गया है। पुलिसकर्मी गांवों में जाकर प्रधान व अन्य लोगों से उन युवाओं की पहचान कर उच्चाधिकारियों को सूचना दे रहे हैं।



पुलिस की तरफ से जारी प्रदर्शनकारियों की फोटो • सौ. पुलिस

## पुलिस की दबिश, घर छोड़कर आरोपित फरार

- अग्निपथ योजना के विरोध में बरहज में तोड़फोड़ का मामला
- 18 नामजद आरोपित पहले ही गिरफ्तार कर भेजे जा चुके हैं जेल

जासं, बरहज: अग्निपथ योजना के विरोध में बरहज में हुई तोड़फोड़ के आरोपितों की तलाश में पुलिस की दबिश लगातार जारी है। दबिश के चलते उपद्रवी घर छोड़कर फरार हो गए है। उनके घर के साथ ही रिश्तेदारों के यहां भी पुलिस पहुंचने लगी है। पुलिस अज्ञात आरोपितों की फोटो व वीडियो के माध्यम से पहचान करने मे जुटी हुई है। बरहज नगर मे रविवार को अग्निपथ योजना के विरोध में पैना रोड उपद्रवियों ने पेट्रोल पंप, पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ की थी। मामले में पुलिस 34 नामजद व 80 अज्ञात के दविरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। 18 नामजद आरोपितों को पुलिस जेल भेज चुकी है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

**मां ने बेटे को निर्दोष बता पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार** : बरहज नगर के नंदना वार्ड पूर्वी नयानगर की रहने वाली मालती देवी ने पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा से मुलाकात की। कहा कि उनका बेटा घटना के दिन शौचालय निर्माण करा रहा था। पुलिस एक युवक को दौड़ाते हुए आई। युवक दूसरे की छत पर चढ़कर भाग गया। शोर सुनकर उनका बेटा अरविंद साहनी घर से बाहर आया तो पुलिस उसे पकड़ कर ले कर चली गई। उन्होंने जांच कराने की मांग की।

दैनिक जागरण दि. 23/6/22

# साइबर अपराधियों ने उड़ाए 60 हजार रुपये, मुकदमा दर्ज

जासं, बंगरा बाजार, देवरिया: साइबर अपराधियों ने दो अलग-अलग खातों से 60 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर थाना में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

बनकटा थाना क्षेत्र के भैंसही के रहने वाले अली अख्तर का खाता बड़ौदा यूपी बैंक बनकटा में है। उनके खाते से 11 से 14 मार्च के बीच 40 हजार रुपये की निकासी की गई थी। बैंककर्मियों की जांच पड़ताल में पता चला कि साइबर अपराधियों ने रुपये की निकासी की है। पीड़ित ने तहरीर दी। बलुआ के रहने वाले सत्यदेव सिंह का बड़ौदा यूपी बैंक सोहनपुर में खाता है। उन्होंने अपना आधार व एटीएम किसी को नहीं दिया। इसके बाद भी उनके बैंक खाते से 20 हजार रुपये की 16 मार्च से 17 मार्च के बीच निकासी की गई। उन्होंने भी बनकटा थाने में मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों मामलों में साइबर सेल ने जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 23/6/22

# चार दिनों में दस लाख से अधिक का रेल टिकट वापस

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** अग्निपथ योजना के विरोध को देखते हुए संचलन प्रभावित होने से रेल यात्रियों के साथ ही रेलवे को भी भारी नुकसान हुआ है। चार दिनों में काउंटर पर टिकट वापस करने वाले काफी संख्या में पहुंचे। 10 लाख से अधिक मूल्य के टिकट वापस हुए। हालांकि बुधवार से स्थिति सामान्य होने लगी है।

अग्निपथ योजना के विरोध के चलते कई ट्रेनें निरस्त रहीं। लंबी दूरी की ट्रेनों के निरस्त होने से यात्री जहां परेशान हुए, वहीं रेलवे को भारी नुकसान हुआ है।

सदर रेलवे स्टेशन पर पांच से साढ़े पांच लाख रुपये का प्रत्येक दिन टिकट बिकता है, लेकिन चार दिनों तक रेलवे के टिकट बिक्री की स्थिति खराब रही। बिक्री से ज्यादा टिकट वापसी हुई। दस लाख रुपये से अधिक की वापसी देवरिया में की गई है। यही हाल भटनी, सलेमपुर, लार रोड रेलवे स्टेशनों पर भी रहा। सदर रेलवे स्टेशन पर टिकट बनवाने आए रामनाथ देवरिया के पंकज ने बताया कि उन्हें मुंबई जाना था, उनका टिकट कंफर्म था, लेकिन आंदोलन के चलते ट्रेनें निरस्त हो गई। उन्हें 72 घंटे के अंदर टिकट वापसी का मैसेज मिला। टिकट वापस कर दिए हैं, अब नया टिकट बनवाने के लिए दौड़ रहे हैं। जुलाई माह में उन्हें अब जाना है। यही बात कोंहवलिया के रामपुकार ने भी कही। उन्होंने कहा कि टिकट उन्हें गुजरात 17 जून को ही जाना था, लेकिन बवाल के चलते नहीं जा सके।



देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर जांच करता बम निरोधक दस्ता ● जागरण

### बम निरोधक दस्ता ने की जांच

सदर रेलवे स्टेशन पर अभी भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। दोपहर को बम निरोधक दस्ता पहुंचा और आरक्षण काउंटर, प्लेटफार्म समेत अन्य जगहों की जांच की। इसके अलावा पुलिस, पीएसी, जीआरपी व आरपीएफ के जवान प्लेटफार्म पर गश्त करते हुए नजर आए।

**पहले लोगों ने टिकट वापस किया है, अब टिकट वापसी के लिए बहुत कम लोग आ रहे हैं। गोरखपुर-सीवान पैसेंजर को छोड़ सभी ट्रेनें संचालित हो गई हैं।**

**आइ अंसारी**, स्टेशन अधीक्षक, सदर रेलवे स्टेशन

दै० जागरण दि. 23/6/22

# पुलिस ने गो तस्कर को किया गिरफ्तार

जासं, मईल, देवरिया: पिकअप में लादकर बंगाल ले जाए जा रहे सात गोवंशीय पशुओं को मईल पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

मईल एसओ अनिल कुमार बुधवार को गश्त पर थे। सूचना मिली कि अडिला गांव के समीप तस्कर पिकअप में गोवंशीय पशुओं को बंगाल ले जाने के प्रयास में हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप थाने ले आई। पिकअप में चार गाय, एक बछिया व दो बछड़े लदे थे।

तस्कर की पहचान प्रह्लाद कुमार निवासी पिपरी उर्फ बंधी थाना खुखुंदू के रूप में हुई।

दैनिक जागरण दि. 23/6/22

# विशुनपुर देवार में कच्ची के अड्डों पर छापेमारी

**जागरण संवाददाता, बरहज, देवरिया:** सरयू नदी के पार देवार क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने कच्ची के अड्डों पर बुधवार को छापेमारी की। टीम के पहुंचने से पहले ही धंधेबाज भाग निकले। मौके पर मिला 120 क्विंटल लहन को नष्ट किया गया। 120 लीटर कच्ची बरामद की गई। टीम ने दो भट्ठियां तोड़ी। धंधेबाजों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक के नेतृत्व में टीम सुबह विशुनपुर देवार गांव पहुंच गई। झाड़ियों में कच्ची बनाने का खेल चल रहा था। करीब छह घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। टीम ने कच्ची बनाने के अड्डे को नष्ट किया।

भट्ठियों को तोड़ा गया। गड्ढा खोदकर ड्रम में लहन छिपाए गए थे। टीम ने लहन नष्ट किए। बिक्री के लिए तैयार 120 लीटर कच्ची बरामद की। मौके पर एक भी धंधेबाज हाथ नहीं लगा। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक ने बताया कि कच्ची के अड्डे पर छापेमारी कर लहन, उपकरण नष्ट किए गए। बरहज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस दौरान आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह, मनीष कुमार सिंह, श्याम नरायन वर्मा मौजूद रहे।



बरहज के परसिया देवार में बरामद कच्ची के साथ आबकारी विभाग की टीम ● जागरण

- **120 क्विंटल लहन किया नष्ट, 120 लीटर कच्ची बरामद**
- **आबकारी विभाग की टीम की छापेमारी से खलबली**

### यहां बिक रही देवार की बनी कच्ची

**बरहज:** सरयू नदी के पार परसिया देवार, विशुनपुर देवार, कुरह परसिया देवार, राजपुर देवार में बनने वाली कच्ची नदी इस पार के गांवों में खुलेआम बिक रही है।

सरयू नदी में विलीन कुरह परसिया के सामने तट पर इंजनयुक्त छोटी नाव से कच्ची रात को उतारी जा रही है।

रामजानकी मार्ग पर नौकाटोला, हलवाई बस्ती के पास रास्ते से होकर रात के अंधेरे में बिक्री के लिए गांव में पहुंचाई जा रही है। कपरवार के नौकाटोला, परसिया तिवारी, बारा दीक्षित, करायल उपाध्याय, बढ़या हरदो, गौरा, तिवारीपुर में कच्ची बिक्री हो रही है।

अ. उजाला 23/6/22

# पुलिस ने तोड़ीं कच्ची शराब की भट्ठियां

बरहज। दियारा क्षेत्र के विशुनपुर देवार में आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। 1200 किग्रा लहन व 120 लीटर कच्ची शराब नष्ट की गई। जबकि भट्ठियों और उपकरणों तोड़ दिया।

अग्निपथ योजना के विरोध के बाद हुए बवाल की जानकारी होने पर डीआईजी जे रवींदर गौड ने घटना का जायजा लिया था। जहां सरयू तट देखने के बहाने एसपी संकल्प शर्मा के साथ थाना घाट से नदी पार के गांवों की जानकारी लिया था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आबकारी इंस्पेक्टर पंकज विवेक के नेतृत्व में पुलिस और एक्साईज टीम ने छापामारा। टीम में आबकारी इंस्पेक्टर पंकज विवेक, रुद्रपुर कुलदीप सिंह, मनीष कुमार सिंह, श्यामनारायण, रामराज, पवन राव आदि मौजूद रहे। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई की गई है। संवाद

अ. उजाला 23/6/22

# बरात से पहले पहुंची पत्नी, पुलिस ने रुकवाई शादी

देसही देवरिया। हेतिमपुर गांव में बुधवार देर शाम आ रही बरात में दूल्हे के पहुंचने से पहले ही उसकी पत्नी दो बच्चों को लेकर पहुंच गई। दरवाजे पर लोगों की भीड़ जुट गई। महिला के हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शादी रोकवा दी।

महुआडीह थानाक्षेत्र के हेतिमपुर गांव में बुधवार को झारखंड से युवक बरात लेकर आ रहा था। उसके पहुंचने से कुछ ही समय पहले उसकी पत्नी अपने दो बच्चों को लेकर दुल्हन के घर आ धमकी। यहां दुल्हन के घर शादी की सारी तैयारियां पूरी हो गई थीं। सबको बरात आने का इंतजार था। पहले उसने दूल्हे का विवरण पूछा। जानकारी लेकर वह आक्रामक हो गई। उसने कहा कि जो दूल्हा यहां बरात लेकर आ रहा है, वह उसकी पत्नी है। और ये दोनों बच्चे उसी के हैं। यह बात सुनकर दरवाजे पर जुटे रिश्तेदार और गांव वाले भी भौचक रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को समझाबुझाकर शादी को रोकवा दिया। हेतिमपुर में जिस लड़की से शादी कराई जा रही थी, उसका सगा मामा ही अगुवा था। उसने यहां बताया था कि युवक की शादी नहीं हुई है। चौकी इंचार्ज दिनेश मौर्य ने बताया कि महिला सहित सबको समझाकर घर भेज दिया है। शादी नहीं हुई। संवाद

अमर उजाला 23/6/22

# उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी पुलिस

## अग्निपथ योजना का विरोध: फोटो तस्दीक करा रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज।** अग्निपथ योजना के विरोध में रविवार को हुए बवाल में फरार चल रहे उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस धारा 82 की कार्रवाई में जुट गई है। जबकि लोगों से सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और वायरल हो रहे फोटो की तस्दीक करा रही है। इससे उपद्रवियों में हड़कंप है।

अग्निपथ योजना के विरोध में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने 34 नामजद और करीब 230 अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास, डकैती, सात सीएलए सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इसमें 18 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। शेष 16 नामजद आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस अप्रिय घटनाओं के मद्देनजर गांवों के संभ्रांत लोगों से संपर्क कर रही है और शपथ पत्र भरवा रही है। साथ ही उन्हें युवाओं को कानून हाथ में लेने से रोकने के लिए हिदायत भी दे रही है। रविवार को करीब 300 से अधिक की संख्या में उपद्रवियों ने नगर में करीब डेढ़ घंटे तक बवाल काटा था। मनबढ़ों ने पुलिस की गाड़ी का शीशा तोड़ने के साथ उन पर धावा बोल दिया था, जिससे पुलिस बैकफुट पर आ गई थी। उपद्रवियों ने ईदगाह के निकट पेट्रोल पंप, ब्लॉक स्थित पशु अस्पताल आदि जगहों पर तोड़फोड़ की थी। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी के लिए निरंतर दबिश दी जा रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-06-2022

# कच्ची शराब के अड्डों पर छापेमारी, 12 गिरफ्तार

## कार्रवाई

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** कसया पुलिस ने कच्ची शराब उत्पादन के लिए र्चिचत मैनपुर के धोखहा व खदही टोले में छापेमारी की। दर्जनों भट्ठियों को तोड़ दिया। करीब डेढ.कुंतल नष्ट कराया। मौके से 180 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। कच्ची के 12 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया।

अभियान के क्रम में सोमवार को थाना कसया की पुलिस टीम ने ग्राम मैनपुर धोखहां में दबिश के दौरान रामअवध प्रसाद निवासी गोगापट्टी थाना कसया, सलावट अंसारी निवासी मैनपुर भूदवपुर थाना कसया, अखालीश चौहान निवासी तेजवलिया थाना तुर्कपट्टी, ओमप्रकाश सिंह निवासी पिपरा प्रेम नगर थाना कसया, सुरेन्द्र निवासी मैनपुर खदही थाना कसया, रविन्दर निवासी मैनपुर खदही थाना कसया, छांगुर प्रसाद निवासी मैनपुर खदही थाना कसया व देवा प्रसाद निवासी मैनपुर खदही थाना कसया जनपद कुशीनगर तथा कच्ची शराब की 4 महिला कारोबारियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कुल 160 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया।

# टेंपो चालक ने लूटे थे 25 हजार, गिरफ्तार

कुशीनगर। पटहेरवा थाना क्षेत्र में महिला को टेंपो में बैठाने के बाद उसके 25 हजार रुपये टेंपो चालक ने ही लूटे थे। इससे पहले बैंक से बाहर सहयोगी की मदद उसने खुद महिला को साजिश के तहत टेंपो में बैठाया था। पुलिस ने टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लूट का खुलासा करने के साथ रुपये बरामद कर लिए हैं।

मंगलवार को अपराह्न करीब 3 बजे एक प्रभावती देवी पत्नी सुदामा गौड निवासी रजवटिया थाना पटहेरवा अपने स्वयं सहायता समूह का पैसा 25 हजार रुपये पंजाब नेशनल बैक पटहेरवा से निकाल कर ज्यों ही बाहर निकली कि एक टेंपो वाले ने उसको अपने टेंपो में बैठा लिया। लबनिया की तरफ चल दिया और पटहेरिया चौराहे के पास पहुंचकर उसका एक और साथी मिलकर उसके 25 हजार रुपये छीन लिये और उसको टेंपो से धक्का देकर नीचे गिराकर भाग गये।

# हादसे में स्कूटी चालक की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**सुकरौली, हिन्दुस्तान संवाद।** हाटा कोतवाली के नाउमुण्डा गांव के समीप प्राथमिक विद्यालय के सामने बुधवार की सायं चार बजे के करीब घर लौट रहे दंपति की स्कूटी में तेज गति से आ रही बाइक ने ठोकर मार दी। इस घटना में स्कूटी चला रहे युवक की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है।

हाटा कोतवाली के भिस्वामठवालगिरी निवासी मुन्ना सिंह उम्र 40 वर्ष पुत्र ठगई सिंह बुधवार की सायं चार बजे के करीब अपनी स्कूटी से पत्नी सुनीता देवी उम्र 37 वर्ष को लेकर घर लौट रहे थे। अभी वह नाऊमुण्डा गांव के समीप प्राथमिक विद्यालय के सामने ही पहुंचे थे कि सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने स्कूटी में ठोकर मार दी। इस घटना में मुन्ना सिंह व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे कि मुन्ना सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल पत्नी सुनीता का इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

## बाइक सवार तीन युवक घायल

**खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के चतुरछपरा पुल के समीप तेल टैंकर के चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तुर्कहा में भर्ती कराया गया, जहां से एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

खड्डा क्षेत्र के ग्राम जखिनिया निवासी गोलू गुप्ता उम्र 18 वर्ष पुत्र किशोर अपने सहयोगी हरिद्वार उम्र 18 वर्ष व विकास उम्र 14 वर्ष के साथ बाइक से मंगलवार की शाम मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी के रास्ते क्षेत्र के बरवारतनपुर किसी काम से गया था। काम निपटाकर वह वापस घर लौट रहे थे कि चतुरछपरा पुल के समीप तेल टैंकर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें गोलू गुप्ता को गंभीर चोटें आई हैं जबकि हरिद्वार व विकास को मामूली चोट लगी है। उधर से गुजर रहे लोगों ने घायलों को पीएचसी खड्डा भिजवाया, जहां से गोलू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार गोल के एक पैर में गंभीर चोट लगी है। इससे उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

# शक में हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**सिसवा नाहर।** तरया सुजान थाना क्षेत्र के ग्राम झडवां के ग्रामीणों ने एक युवक को हिरासत में लिए जाने पर पड़ोसी पर मुखबिरी का शक जाते हुए हमला कर दिया था। पड़ोसी तो भाग कर बच गया मगर उसकी बाइक तोड़ डाली गयी। पुलिस ने इस मामले में बुधवार को 3 को गिरफ्तार कर लिया।

सोमवार को ओझवलिया के समीप हुए चाकू मार लूट के मामले में संदेह के आधार पर झड़वा गांव से संदिग्ध को मंगलवार की देर शाम को हिरासत में लिया। इसके बाद कुछ मनबढ़ों ने गांव के ही औरंगजेब खान नामक युवक पर हमला कर दिया। वह भाग कर बच गया मगर उसकी बाइक मनबढ़ों ने तोड़ डाली। मनबढ़ों को उस पर पुलिस की मुखबिर होने का शक था।

# चोरी के साउंड बाक्स व गैस चूल्हे के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, अहिरौली बाजार**: थाने की पुलिस ने बुधवार को चोरी के साउंड बाक्स तथा गैस चूल्हे के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसएचओ पंकज कुमार गुप्ता टीम के साथ गश्त पर थे। महुअवां खुर्द के समीप रेल लाइन के दक्षिण ओर मौजूद एक युवक पुलिस का वाहन देख भागने लगा।

पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान राजू निषाद निवासी जगदीशपुर धर्मदानी थाना अहिरौली बाजार के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर उसके घर से चोरी के तीन साउंड बाक्स, एक गैस चूल्हा बरामद हुआ।

एसएचओ ने बताया कि एक पखवारा पूर्व हुई चोरी की घटना में शामिल तीन आरोपित पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। चौथे आरोपित की तलाश चल रही थी।

# कब्र खोदने को लेकर तनाव, पुलिस ने सुलझाया मामला

**जासं, सलेमगढ़:** तरयासुजान के रामपुर बंगरा में बुधवार को कब्र खोदने को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव हो गया। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद शव को मिट्टी दी गई।

बताया जा रहा कि गांव के शहीद मियां का सुबह निधन हो गया। स्वजन शव को मिट्टी देने के लिए गांव के बाहर बंजर भूमि में कब्र खोदने लगे। जानकारी होने पर दूसरे पक्ष के कुछ युवक पहुंच गए और विरोध करने लगे। कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। इसे लेकर गांव में तनाव की स्थिति बन गई। प्रधान योगेंद्र सिंह ने मामले की सूचना पुलिस को दी। विवाद की खबर मिलते ही एसएचओ केडी चौधरी मातहतों संग मौके पर पहुंचे और समझा-बुझाकर दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस की मौजूदगी में शव को मिट्टी दी गई। एसएचओ ने बताया कि बंजर भूमि पर काफी पहले से शव दफनाने की परंपरा चली आ रही है। समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया गया।

**गोड़रिया में चला बुलडोजर, हटा अतिक्रमण:** गोड़रिया: दुदही इलाके के गोड़रिया में बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को बुलडोजर लगाकर हटवाया गया।

राजस्व निरीक्षक मदन यादव ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व सड़क किनारे दुकान चला रहे दुकानदारों को नोटिस देकर दुकान हटाने को कहा गया था। निर्धारित तिथि बीतने के बाद भी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण न हटाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। लेखपाल जितेंद्र सिंह, दारोगा रामेश्वर यादव, छट्ठू कुशवाहा, रामचंद्र, अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।

# बढ़ते साइबर अपराध से बचने के लिए सावधानी जरूरी

**जागरण संवाददाता, पडरौना कुशीनगर:** साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि हर कोई सावधानी बरते। अनजान व्यक्ति को बैंक खाता या एटीएम की जानकारी न दें। बैंक अपने खाताधारकों से इस तरह की जानकारी नहीं मांगता है, आमजन को जागरूक कर पुलिसकर्मी उन्हें अवगत कराएं।

यह जानकारी बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित पुलिसकर्मियों की कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट की दुनिया में हर व्यक्ति कंप्यूटर और मोबाइल से जुड़ा है। आए दिन साइबर क्राइम के मामले सामने आ रहे हैं। कई बार लोग अनजाने में साइबर क्राइम का शिकार हो जाते हैं। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अनजान नंबरों से आई काल, ओटीपी वेरिफिकेशन स्वीकार न करें, अपना डेबिट व क्रेडिट कार्ड, सीवीवी, एटीएम पिन, नेट बैंकिंग का पासवर्ड शेयर न करें। साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। कार्यशाला में इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड मजबूत व सिक्योर बनाने, इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने की अपील की गई। बायोमैट्रिक फ्राड, यूपीआई संबंधी फ्राड, पालिसी, चिट फंड, लाटरी का लालच देकर किए जाने वाले फ्राड, आनलाइन एप के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से संबंधित फ्राड आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला के पश्चात पुलिसकर्मियों ने स्कूल, कालेज में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को जागरूक कर बचाव से जुड़े जागरूकता पर्चे वितरित किए। आरआई रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में कार्यशाला को संबोधित करते एएसपी रितेश कुमार सिंह • जागरण

- साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराएं शिकायत
- इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते समय बरतें सावधानी

**झोपड़ी व बखार जलकर राख**

**राजापाकड़:** तुर्कपट्टी के बरवा राजापाकड़ के बहुरिया टोला में बुधवार शाम को अज्ञात कारणों से लगी आग से रिहायशी झोपड़ी व बखार जलकर राख हो गई। जुम्मन की गांव से बाहर खेत में झोपड़ी है। शाम को छह बजे के आसपास वह स्वजन संग खेत से घर लौटे तो घर में आग लगी थी। एक घंटे की मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया।

# तत्काल निस्तारित करें पीड़ितों की समस्या

**जासं, तमकुहीराज:** एसपी धवल जायसवाल ने बुधवार को तरयासुजान थाने की तमकुहीराज पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। चौकी इंचार्ज व पुलिसकर्मियों को दायित्व के प्रति सजग रहने तथा पीड़ितों की समस्या सुन त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। कहा कि अपराध नियंत्रण में पुलिस चौकियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

दोपहर में चौकी पहुंचे एसपी सीधे कार्यालय में गए। अभिलेखों का निरीक्षण किया। शिकायती-पत्रों का एक-एक कर अवलोकन कर चौकी इंचार्ज तथा संबंधित बीट पुलिस अधिकारी को समस्या समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। कहा कि बिहार राज्य के निकट होने के कारण यह चौकी जिले की कानून व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां तैनात पुलिसकर्मी अपने दायित्वों के प्रति हर समय सजग रहें। चौकी पर आए पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार करें। बीट पुलिस अधिकारी क्षेत्र में अधिक से अधिक सक्रियता रखें। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल अपने इंचार्ज, थानेदार को दें। मानक के अनुसार वर्दी धारण करें। चौकी परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान दें। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा, प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी, चौकी इंचार्ज राज रामसहाय यादव आदि मौजूद रहे।



तमकुहीराज पुलिस चौकी का निरीक्षण करते एसपी धवल जायसवाल दाएं • जागरण

- **पीअपराध नियंत्रण में पुलिस चौकियों की महत्वपूर्ण है भूमिका**
- **मानक के अनुसार धारण करें अच्छी वर्दी**

रामसहाय यादव आदि मौजूद रहे।

# बरामद किशोर को स्वजन को सौंपा

जागरण संवाददाता, पनियहवा: हनुमानगंज पुलिस ने 19 दिन पहले नाराज होकर घर से निकले किशोर को मंगलवार की शाम बेलवनिया चौराहा से बरामद कर लिया। बुधवार की सुबह उसे स्वजन को सुपुर्द कर दिया।

छितौनी कस्बा के बड़हरवा मोहल्ले के राजकुमार चौहान का पुत्र कृष्णकुमार चौहान पिता के डांटने पर नाराज होकर घर से निकला था। 15 जून को स्वजन ने पुलिस को तहरीर दी थी। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस तलाश कर रही थी। एसआइ अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश शाही, कांस्टेबल अनिल यादव ने वाहन चेकिंग के दौरान बैग लिए एक किशोर को देखा। उसे छितौनी पुलिस चौकी पर लाकर पहचान कराई गई। एसएचओ संतोष कुमार यादव ने बताया कि किशोर को स्वजन को सौंप दिया गया।

# छापेमारी में 12 धंधेबाज गिरफ्तार, 160 लीटर कच्ची बरामद

- मौके पर शराब बेचते मिले, पुलिस देख मची अफरा-तफरी

जासं, सपहा: क्षेत्र के गांव मैनपुर के टोला खदही, दीनापट्टी, रजवाबर, धोबहा आदि गांवों में बुधवार को आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने कच्ची के अड्डों पर छापेमारी की। इस दौरान 160 लीटर कच्ची बरामद हुई, एक दर्जन धंधेबाज गिरफ्तार किए गए। मुसहर आबादी इन गांवों में कच्ची का धंधा बड़े पैमाने पर होता है। इसकी शिकायत विभागीय उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो कार्रवाई का आदेश हुआ।

छापेमारी करने पहुंची टीम को इन टोलों पर रामअवध, सलावट अंसारी, अखालीश प्रसाद, ओमप्रकाश, सुरेंद्र, रविंद्र, छांगुर, देवा, किशमती, रीता सहित 12 धंधेबाज मौके पर कच्ची बनाते व बेचते मिले, जिनको पकड़ लिया। इनके पास से 160 लीटर कच्ची बरामद हुई, पुलिस टीम ने लगभग 12 क्विंटल लहन भी नष्ट किया। इस दौरान कच्ची बनाने के उपकरण भी बरामद हुए। अवैध शराब की भट्ठियां भी तोड़ी गईं। आबकारी निरीक्षक सत्येन्द्र प्रताप, उप निरीक्षक विवेक पांडेय, अमित शर्मा, आकाश सिंह, हेड कांस्टेबल अश्विनी यादव, अभिषेक, कमलेश महिला कांस्टेबल



कसया के खदही टोला में लहन नष्ट करती आबकारी टीम • जागरण

प्रिया सिंह, आबकारी सिपाही समीर कुमार, जयप्रकाश, आशुतोष पाठक, अनिल सिंह आदि टीम में शामिल रहे।

टीम ने ग्रामीणों से कहा कि यदि कहीं भी कच्ची बनाने या बेचने की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# लूट का पर्दाफाश आरोपित गिरफ्तार

**जासं, पटहेरवा:** बैंक से रुपये निकालकर मंगलवार दोपहर घर जा रही समूह संचालिका से आटो चालक ने दोस्त संग मिलकर 25 हजार रुपये लूट लिए। महिला की तहरीर पर जांच में जुटी पटहेरवा पुलिस ने उसी दिन आटो चालक को गिरफ्तार कर लूट की रकम बरामद कर ली। पुलिस बुधवार को उसे को न्यायालय ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पटहेरवा थाने के रजवटिया गांव की प्रभावती समूह चलाती हैं। मंगलवार को पीएनबी की पटेहरवा शाखा से रुपये निकालकर दोपहर तीन बजे आटो से घर जा रहीं थीं। पटहेरिया चौराहे के पास चालक ने आटो में दोस्त को बैठाया। कुछ दूरी पर सुनसान देख दोनों ने महिला के पास झोले में रखे रुपये लूट लिए और धक्का देकर टेंपो से गिरा दिए। उसी दिन ही शाम को साढ़े छह बजे मेहंदिया के पास चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान अफरोज अली निवासी करमैनी बाजार थाना पटहेरवा के रूप में हुई। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि आटो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खड्डा :** लक्ष्मीपुर पड़रहवा गांव में तीन वर्ष पहले पुलिस वाहन पर कुछ लोगों ने हमला किया था। मामले का आरोपित चंदन फरार चल रहा था। खड्डा पुलिस ने बुधवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित के विरुद्ध कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था।

# अस्पताल में चार महिलाओं समेत पकड़े गए पांच दलाल



जिला अस्पताल में पकड़े गए दलालों को थाने में भेजवाते एसडीएम सदर महात्मा सिंह बाएं से तीसरे ● जागरण

**जागरण संवाददाता,पडरौना:** डीएम एस राजलिंगम के निर्देश पर निजी एंबुलेंस चालकों व दलालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसडीएम महात्मा सिंह व सीओ सदर कुंदन सिंह के नेतृत्व में जिला संयुक्त चिकित्सालय में संयुक्त टीम ने छापेमारी की। इस दौरान अस्पताल परिसर से चार महिलाओं समेत पांच दलाल पकड़े गए।

बुधवार को सीएमएस डा.एसके वर्मा ने कोतवाली प्रभारी निर्भय कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज संदीप सिंह, लेखपाल योगेंद्र गुप्ता,मारकंडेय मणि, अग्निवेश पांडेय, हीरालाल वर्मा, शशिभान सिंह, महिला दारोगा कुमुद सिंह के साथ ओपीडी व परिसर की जांच शुरू की तो कई बाहरी व्यक्ति टीम को देख भागने के प्रयास में पकड़ लिए गए। इस मामले में सीएमएस ने कोतवाली पुलिस को पांच दलालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। एक महिला दोबारा पकड़ी गई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अभी तहरीर का इंतजार है।

एसडीएम ने कहा कि जिला चिकित्सालय परिसर व ओपीडी में काफी समय से दलाल व प्राइवेट

- **रोगियों से पर्चा छीनने की मिली थी शिकायत**
- **प्राइवेट एंबुलेंस चालकों के विरुद्ध चलेगी कार्रवाई**

एंबुलेंस चालक सक्रिय हैं, जो मरीजों के हाथ से पर्चा छीनकर प्राइवेट दुकान से दवा लेने के लिए मजबूर करते हैं।

प्राइवेट एंबुलेंस चालक भर्ती मरीजों को बरगलाकर अन्य प्राइवेट अस्पतालों में ले जाते हैं, इसकी लगातार शिकायत मिल रही थी। डीएम एस राजलिंगम ने कहा कि यह अभियान लगातार चलेगा। अस्पताल परिसर में सक्रिय दलाल व प्राइवेट एंबुलेंस चालक हर हाल में जेल भेजे जाएंगे। इसके पहले भी दो बार की छापामारी में 14 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई हो चुकी है।



# जिला अस्पताल में छापा पांच बिचौलिए पकड़े गए

## एसडीएम, सीओ ने की कार्रवाई, आरोपियों में चार महिलाएं शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जिला अस्पताल में बिचौलियों की सक्रियता रोकने के लिए डीएम एस राजलिंगम के निर्देश पर बुधवार को एडीएम महात्मा सिंह और सीओ सिटी कुंदन ने छापा मारा।

सभी गेट बंद कर बिचौलियों की खोजबीन की गई। चार महिला सहित एक पुरुष को बिचौलिया होने के आरोप में पकड़ा गया। पुलिस उन्हें साथ लेकर चली गई।

जिला अस्पताल में ओपीडी, एक्सरे, इमरजेंसी कक्ष, अल्ट्रासाउंड, वार्ड सहित सभी प्रमुख स्थानों पर बिचौलिए सक्रिय रहते हैं, जो मरीजों से त्वरित इलाज के नाम पर रकम ऐंठते हैं और दवाइयां भी मेडिकल स्टोर से दिला देते हैं। इस तरह मुफ्त इलाज की उम्मीद में आए लोगों को बिचौलियों की वजह से अधिक रुपये खर्च करने पड़ते हैं। जिला अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, यहां इस कार्य में पुरुष की तुलना में अधिक महिलाएं सक्रिय हैं। डीएम के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम और सीओ सिटी पुलिस के साथ पहुंचे और जिला अस्पताल के सभी दरवाजों को बंद कराकर बिचौलियों की तलाश शुरू कराई। इतनी देर में मौका देखकर अधिकतर बिचौलिए खिसक गए, लेकिन चार महिला, एक पुरुष को पकड़ लिया गया।



जिला अस्पताल परिसर में पुलिस व प्रशासन की टीम ने मारा छापा। संवाद

*जिला अस्पताल में बिचौलियों की सक्रियता के बारे में डीएम सहित विभागीय उच्चाधिकारियों को पहले ही अवगत करा दिया गया था। इसी क्रम में बुधवार को एसडीएम और सीओ सिटी ने जिला अस्पताल में छापा मारकर बिचौलियों को पकड़ा। चार महिला और एक को पकड़ा गया है। - **डॉ. एसके वर्मा**, सीएमएस, जिला अस्पताल*

*जिला अस्पताल में बिचौलियों की सक्रियता की सूचना मिलने पर छापा मारा गया है। पांच लोगों को पकड़ा गया है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिला अस्पताल का ऐसे ही औचक निरीक्षण जारी रहेगा। बिचौलिए जिला अस्पताल नहीं छोड़ेंगे तो उन्हें जेल जाना पड़ेगा। - **कुंदन सिंह**, सीओ सिटी*

# एसपी ने दिए लूटकांड के पर्दाफाश के निर्देश



**तमकुहीराज।** एसपी ने तमकुहीराज पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेंद्र कालरा, एसएचओ तरयासुजान कपिलदेव चौधरी, एसओजी प्रभारी अमित शर्मा, चौकी प्रभारी रामसहाय यादव, महिला चौकी प्रभारी त्रिलोचना त्रिपाठी के साथ बैठक करके क्षेत्र में हो रही घटनाओं के पर्दाफाश के लिए निर्देश दिए। पुलिस चौकी का निरीक्षण करते हुए एसपी ने नाराजगी जताई। एसपी ने सीएसपी संचालक के कर्मचारी से हुई लूट की घटना का जल्द पर्दाफाश करने के लिए कहा। संवाद

# हाटा में करमहा रोड से हटाया गया अतिक्रमण



**हाटा।** बुधवार को नगर के करमहा रोड पर एसडीएम की अगुवाई में सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। एसडीएम वरुण कुमार पांडेय ने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी होने के साथ दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसको देखते हुए शासन की तरफ से अतिक्रमण हटाने के निर्देश मिले हैं। किसी भी सूरत में सड़क पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी समय-समय पर की जाएगी। उसके बाद सड़क की पटरी पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया। इस दौरान ईओ अजय कुमार सिंह समेत नगर पालिका परिषद और पुलिस कर्मी मौजूद रहे। संवाद

# छह पशु मुक्त, तस्करी का अरोपी गिरफ्तार

**उजारनाथ/गगुआ बाजार।** पटहेरवा थाने की पुलिस ने मंगलवार की दोपहर बिहार सीमा से सटे गंगुवा बाजार के पास पिकप पर लादे गए छह पशुओं को मुक्त कराते हुए तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान जनेश्वर कुमार, निवासी रामपुर खुर्द, थाना गोपालपुर, बिहार के रूप में हुई। संवाद

# मारपीट के मामले में तीन पर कार्रवाई

**तमकुहीराज।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के झड़वा में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को पुलिस का मुखबिर बताते हुए उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसकी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बुधवार को तीन लोगों को पकड़ा। मंगलवार की रात झड़वा में औरगंजेब खान पर गांव के ही कुछ लोगों ने शक के आधार पर पीट दिया। पीड़ित किसी तरह बचकर वहां से भागने में सफल रहा। तरयासुजान के एसओ कपिलदेव चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आनंद यादव, धर्मेंद्र यादव, पंकज यादव पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के गिदहाचक बैरिया गांव में दो जून को हुई चोरी के मामले में बुधवार को एक युवक को गिरफ्तार करके पुलिस ने कुछ सामान को बरामद किया है।

अहिरौली बाजार के एसओ पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते दो जून को गांव गिदहा चक बैरिया में टेंट हाउस एवं डीजे के गोदाम में हुई चोरी के मामले में जगदीशपुर निवासी राजू निषाद को गिरफ्तार किया गया है। उसका चालान कर दिया गया। संवाद

# अपराध रोकने के लिए जागरुकता पर जोर

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** साइबर अपराध के प्रति आम जनमानस को जागरूक करना एवं ऐसे अपराधों से बचाव, पुलिस की प्राथमिकताओं में है। यह जानकारी एएसपी रितेश कुमार सिंह ने दी। वह बुधवार को पुलिस लाइंस के सभागार में पुलिसकर्मियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आम जनमानस को सुरक्षा प्रदान करने एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए जागरुकता दिवस माह के प्रथम बुधवार को होता है। इसके तहत सभी थानों में पुलिस टीमों की तरफ से साइबर क्राइम से संबंधित होने वाले अपराध के प्रति आम जनता, छात्र-छात्राओं के बीच एवं प्रमुख स्थानों पर पंफलेट बांटकर जागरूक किया जाता है। जनता की साइबर संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक थाने पर साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना एवं साइबर सुरक्षा टीम का गठन किया गया है। एएसपी ने इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, वॉलेट, यूपीआई से संबंधित धोखाधड़ी से बचने के लिए सावधानियां बरतने को प्रेरित किया।

**लोगों को दें साइबर अपराध से बचाव की जानकारी : एएसपी**

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-06-2022

# सीओ को दी गयी विदाई

**महराजगंज(एसएनबी)**। पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में नौतनवां के सीओ रहे



धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय के स्थानान्तरित होने पर एसपी डा. कौस्तुभ ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे भावभीनी विदाई दी। इस दौरान एसपी ने सीओ को फूल-माला पहना कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही उनके अग्रिम उज्जवल भविष्यकी मंगल कामना की। इसके साथ ही ससम्मान वाहन में वैठाकर विदा किया। सीओ द्वारा जनपद में क्षेत्राधिकारी के पद पर रहते हुए हमेशा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन किया गया तथा जनता की समस्याओं के प्रति हमेशा गम्भीरता दिखाई। किसी भी परिस्थिति में जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने के कारण जनपद के लोगों का काफी भरोसा व विश्वास सीओ के प्रति देखा गया। विदाई समारोह में सीओ फरेन्दा कोमल प्रसाद मिश्रा, क्षेत्राधिकारी निचलौल सुनील दत्त दुबे, क्षेत्राधिकारी सदर अजय सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी लाईन्स सूर्यबली मौर्या, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार तथा अन्य सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# युवक की मौत पर आरोपी महिला पर केस

**पनियरा (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डिंगुरी खास निवासी रामजी जायसवाल के लगभग 22 वर्षीय पुत्र रविन्द्र जायसवाल की कल गांव के ही एक आम के बागीचे में पेड़ से लटकता हुआ संदेहास्पद अवस्था में शव मिलने के मामले में पनियरा पुलिस ने गांव की ही आरोपी महिला के खिलाफ धारा 306 व 392 आईपीसी. के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो के मुताबिक मृतक कर महिला के साथ मिलना जुलना भी था। कुछ दिन पहले उसकी महिला से किसी बात को लेकर अनबन हो गयी तो महिला उसको दुराचार के मामले में फंसाने की धमकी दे रही थी। इससे तंग आकर जब वह उसके घर पर पूछने गया तो महिला ने उसका मोबाइल तथा 16 हजार ₹ भी छीन लिया था। इससे वह मजबूर होकर सोमवार को पनियरा पुलिस को तहरीर दे दिया था और मंगलवार की सुबह गांव के बागीचे में आम के पेड़ से लटकता हुआ उसका शव संदेहास्पद अवस्था में मिला। इस मामले को लेकर हत्या व आत्महत्या दोनों तरह की चर्चाएं चल रही थी। पनियरा पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर महिला को गिरफ्तार तो कर लिया है लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उसने महिला की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या किया या उसकी हत्या कर शव को लटकाया गया ,पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# ससुर पर लगा दुराचार का आरोप

**पनियरा (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने अपने ससुर पर ही उसके साथ दुराचार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता द्वारा दी गयी तहरीर के मुताबिक उसका मायका कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में है। उसकी शादी परिवार वालों ने लगभग 3 वर्ष पूर्व पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई। शादी के कुछ दिन बाद उसके पति बाहर कमाने चले गये। उसके बाद से ही उसके ससुर उसका जबरन डरा धमका कर शारीरिक शोषण करने लगा। इसकी जानकारी जब उसने अपने पति को दिया तो उसके पति ने डरा धमका कर मामला शांत करा दिया। ससुर द्वारा उसका शारीरिक शोषण लगातार जारी रहा। इससे वह गर्भवती भी हो गयी। सुसराल वालों ने गर्भपात भी एक निजी अस्पताल में करा दिया। उसके बाद उसे मारपीट कर मायके भगा दिया। इस बावत थानाध्यक्ष पनियरा सत्य प्रकाश सिंह नेबताया कि मामला भूमि विवाद का है।

**आरोप निराधार,मामला भूमि विवाद का : एसओ**

## साइबर अपराध को लेकर एसपी ने व्यापारियों के साथ की बैठक

# डिजिटल लेनदेन में सतर्कता बरतें व्यापारी



साइबर क्राइम को लेकर बुधवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक की।

**बैठक**

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** पुलिस कार्यालय सभागार में बुधवार को जिले के व्यापारियों के साथ एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बैठक की।

एसपी ने व्यापारियों को साइबर फ्राड से सावधान करते हुए सुरक्षा के उपाय बताए। बैठक में एसपी डॉ. कौस्तुभ ने कहा पुलिस व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। इस समय डिजिटल लेनदेन से व्यापार में बहुत सहूलियत मिल रही है, लेकिन थोड़ी सी असावधानी से साइबर फ्राड की घटनाएं पल भर में हो जा रही हैं। इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है।

एसपी ने कहा कि दुकान के बाहर संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो पुलिस को इसकी सूचना दें। व्यापारियों ने कहा कि दुकान के सामने खड़े वाहनों का चालान काट दिया जा रहा है, जिससे दुकान पर आने वाले ग्राहक परेशान हो रहे हैं। एक सीमित जगह चिन्हित कर लिया जाए, जिससे दुकानदारों को कुछ राहत मिले।

इस दौरान व्यापारी नेता फूलचंद अग्रवाल, विजय जायसवाल, अनिल कसौधन, दुर्गेश गुप्ता, अजय राज कसौधन, प्रमोद जायसवाल, विवेक गुप्ता, सदरे आलम, मनोज आदि मौजूद रहे।

# दस बाल श्रमिक मुक्त हुए

**महराजगंज।** जनपद में बाल श्रम पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में बुधवार को नौ प्रतिष्ठानों में 10 बाल श्रमिकों को चिह्नित करते हुए उन्हें मुक्त कराया गया। साथ ही उनके सेवायोजकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी चक्रधारी ओझा ने दी। उन्होंने बताया कि तहसील स्तरीय टास्क फोर्स सदर द्वारा शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानो की जांच की गई। जहां से 10 बाल श्रमिक मुक्त कराए गए। संवाद



पुलिस कार्यालय सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक करते एसपी डॉक्टर कौस्तुभ। संवाद

# दुकानों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** दुकानों की सुरक्षा के लिए बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी है। समय-समय पर कैमरे की जांच कराते रहे। अगर कहीं संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो पुलिस को तुरंत सूचना दें। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात्रि गश्त

## व्यापारियों के साथ बैठक में बोले एसपी

बढ़ा दी गई है। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बुधवार को कार्यालय सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक के दौरान कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। कहीं से भी सूचना मिलने पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है। व्यापारियों ने एसपी को कुछ समस्याएं बताईं, जिसका समाधान करने का उन्होंने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखें। जरूरत होने पर पुलिस की मदद लें।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-06-2022

# मारपीट की घटना में गैर इरादतन हत्या का तीसरा आरोपी दबोचा

दुबौलिया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन पहले सोमवार की देर रात मारपीट की घटना में बीच-बचाव करने आए दुबौलिया थाना क्षेत्र के सांड़पुर-भरवटिया निवासी 50 वर्षीय हनुमान गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

परिजन इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हर्रैया ले गये थे, जहां चिकित्सक ने हनुमान को मृत घोषित कर दिया था। मृतक की पत्नी प्रभावती देवी की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी बाबा और गप्पू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने बुधवार को दोपहर तीसरे आरोपी भोला उर्फ रामतीरथ को कुदरही तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि तीसरे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया गया। संवाद

## नाबालिग की शादी करने वाले माता-पिता पर मुकदमा

वाल्टरगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की का विवाह करने के मामले में लड़की के चाचा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने लड़की के माता-पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां की एक नाबालिग लड़की का विवाह एक अधेड़ से 21 जून को कर दिया गया। बरात लालगंज थानाक्षेत्र से आई थी। मामले की जानकारी होने पर लड़की के चाचा ने डायल 112 पुलिस को दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो विवाह संपन्न हो चुका था। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचकर मामले में पूछताछ की। मौका पाकर दूल्हे के परिवारी जन भाग निकले। संवाद

# गैर इरादतन हत्या में वांछित तीन इनामी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर बाजार।** थानाक्षेत्र के एक गांव में हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित तीन आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को फुटहिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। तीनों पर एसपी की तरफ से 25-25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल दुबे, मनीष दुबे उर्फ गोलूव एक बाल अपचारी शामिल है। मामले में नामजद दो आरोपियों राहुल शर्मा और सुरेंद्र चौधरी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में आरोपी पक्ष की तरफ से भी छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज है।

उल्लेखनीय है कि नगर थाना क्षेत्र में 15 जून शाम करीब सात बजे पड़ोसी दो गांवों के दो पक्ष आमने सामने आ गए थे। एक पक्ष का आरोप है कि राहुल, सुरेन्द्र चौधरी, विशाल, मनीष व एक अन्य ने आम तोड़ने की बात को लेकर एक राय होकर घर पर चढ़कर लाठी-डंडे से मारापीटा और अपशब्द कहा। मारपीट में उनके बेटे तकदीर अली व पड़ोसी नियाज अहमद को चोट आई। तकदीर अली को जिला अस्पताल से बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया था। हालत में सुधार न होने पर अगले दिन उसे गोरखपुर से चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ जाते वक्त तकदीर अली (21) की मौत हो गई थी।

दूसरे पक्ष ने शेरअली, नियाजअली, झिनकू, तकदीर व नाजिम के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, बलवा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। जिनमें तकदीर अली की मौत हो चुकी है।

## मारपीट में घायल युवक की लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले जाते समय हुई थी मौत

### नगर थानाक्षेत्र में 15 जून को हुई थी दो पक्षों में मारपीट

# दो विवाहिताओं के उत्पीड़न में 24 ससुराली नामजद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के अलग-अलग तीन मामलों में पुलिस ने 24 ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पचलौरिया थाना गौर निवासी पूजा पत्नी वीरेन्द्र कुमार (हाल मुकाम पुत्री राम आशीष ग्राम रमना तौफीर थाना गौर) ने तहरीर दी। इसमें बताया कि उसके पति व अन्य ससुराली पांच लाख रुपये दहेज के लिए उसे मारते-पीटते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं।

पुलिस ने वीरेंद्र कुमार (पति), तुलसी राम (ससुर), लाली पत्नी तुलसीराम (सास) के अलावा ननद माधुरी, खुशबू, सिताबो और भोले राजभर, मुकेश राजभर, सुभाष, गीता पत्नी सुभाष, राम सागर, नरेश, अजय, विनय, अवधेश, रमेश व रामवृक्ष उर्फ दरोगा निवासी वनघुसरा थाना

## महिला थाना में दर्ज हुए दो अलग-अलग मामले

## पूजा ने बताया कि पांच लाख रुपये दहेज के लिए उसे मारते-पीटते हैं

खोडारे जनपद गोंडा पर मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे मामले में सोनहा थाने के मल्लपुरवा निवासी पूनम पांडेय पत्नी धर्मपाल पांडेय ने महिला थाने में तहरीर दी कि दो लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसके ससुराल के लोग अपशब्द कहते हुए मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धर्मपाल पांडेय (पति), कृष्ण चन्द्र पांडेय (ससुर), मुनक्का देवी पत्नी कृष्णचन्द्र पांडेय (सास), अजय पांडेय (देवर), देवरानी नाम अज्ञात पत्नी अजय पांडेय, रामपाल (ज्येष्ठ) व जेठानी नाम अज्ञात पत्नी रामपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# वांछित अभियुक्त दो सगे भाई दबोचे

बनकटी। लालगंज थाने की पुलिस ने वांछित अभियुक्त दो सगे भाईयों को सजनाखोर मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

संतकबीरनगर के महुली थाना क्षेत्र के मेहनिया निवासी पालजी चौधरी व गोपाल जी चौधरी पुत्रगण राम पारस चौधरी के सजनाखोर में मौजूद होने की सूचना पुलिस को मिली। हत्या के मामले में जेल जा चुके दोनों अभियुक्त जमानत पर छूट कर आए हैं। सजनाखोर में एक जमीनी विवाद में हुए डबल मर्डर में दोनों भाई अभियुक्त हैं। विपक्षी की ओर से दोनों की तरफ से धमकाने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत किया था।

# किसान के नाम पर करोड़ों की चपत लगा रहे ट्रैक्टर संचालक

## जिले में कृषि कार्य के लिए पंजीकृत 29 हजार ट्रैक्टर में एक का भी नहीं व्यावसायिक पंजीयन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले में किसानों के नाम पर कुल लगभग 29 हजार ट्रैक्टर-ट्रॉली पंजीकृत हुए हैं। लेकिन, इनमें एक का भी व्यावसायिक पंजीयन न होने से सरकार का करोड़ों की चपत हर साल लग रही है। वहीं, परिवहन विभाग सब कुछ देखने व जानने के बावजूद उनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई कर पाने में लाचार दिखाई पड़ रहा है और ट्रैक्टर संचालक बेरोक-टोक अपना धंधा चमका रहे हैं।

आरटीओ कार्यालय के मुताबिक कुल 29 हजार 137 ट्रैक्टर-ट्रॉली पंजीकृत हैं। इनका पंजीयन महज कृषि कार्य के लिए करवाया गया है। इनमें बमुश्किल 15 हजार किसान अपने वाहनों का प्रयोग असल रूप में कृषि कार्य के लिए करते हैं, जबकि 14 हजार वाहन कृषि कार्य के अलावा अन्य व्यावसायिक कार्य भी करते हैं। जबकि व्यावसायिक पंजीयन वाले ट्रैक्टर को प्रति टन प्रति तिमाही 521 रुपये टैक्स जमा करना होता है। हर ट्रॉली में तकरीबन 10 टन सामग्री ढोई जाती है। नतीजतन हर साल तकरीबन प्रति ट्रैक्टर 21 हजार रुपये का सरकारी टैक्स देने से ये ट्रैक्टर संचालक बच जाते हैं।



बिना नंबर प्लेट के बालू लेकर जा रहा ट्रैक्टर। संवाद

**बोले, एआरटीओ :** एआरटीओ प्रशासन अरुण प्रकाश चौबे ने बताया कि अभियान चलाकर

### खेती के नाम पर लिए गए ट्रैक्टर से ढोया जा रहा बिल्डिंग मैटेरियल व अन्य सामग्री

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की जांच की जाती है और बगैर नंबर प्लेट व अन्य मामलों में अब तक कई बार कार्रवाई भी हुई है। माल ले जाते समय ट्रैक्टर पर कार्रवाई करना इसलिए संभव नहीं हो पाता है कि यह प्रमाणित करना मुश्किल हो जाता है कि वह ट्रैक्टर अपने लिए सामग्री ढो रहा है अथवा दूसरे का सामान ले जा रहा है। नतीजतन मजबूर होकर उसे छोड़ देना पड़ता है।

वैसे 50 प्रतिशत से अधिक ट्रैक्टर का उपयोग व्यावसायिक ही किया जा रहा है। इससे करोड़ों रुपये का चूना हर वर्ष सरकार को लगता है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-06-2022

# 5 बाइक बरामद, 2 वाहन चोर गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। भावनीगंज थाने की पुलिस ने दो वाहन चोरों को असलहे के साथ पकड़ने में सफलता हासिल किया है, पकड़े गए वाहन चोरों के निशानदेही पर चोरी के 5 बाइक को बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त का नाम अरविंद कुमार उर्फ राज पुत्र परमात्मा प्रसाद तथा अभिषेक भट्ट उर्फ मुन्ना पुत्र राजेश भट्ट है, दोनो अभियुक्त भावनीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चकमारूफ गांव के रहने वाले है।

पत्रकारो से वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि भावनीगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह 21/22 की रात्रि में गश्त कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें मुखबिर के द्वारा यह सूचना मिली कि सिलोखरा रोड से पिरैला जाने वाली रोड पर मो. जलील अब्बासी इंटर कालेज के दक्षिण स्थित ग्राम बयारा मे निष्प्रयोज्य भवन में दो व्यक्तियो ने दो पहिया वाहनों को छिपा कर रखा है, जिसे नेपाल भेजने की फिराक में है। सूचना पाते ही पुलिस तत्काल हरकत में आ गई, उक्त स्थान पहुंचकर चारो तरफ से घेरा बंदी कर दोनो अभियुक्तो को पकड़ लिया, उनके निशानदेही पर चोरी की 5 बाइक को बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्तो ने पुलिस को बताया वे बाइक की चोरी करके उसका नम्बर प्लेट चेंज करके नेपाल में ले जाकर बेच देते है। टीम के इस सफलता पर अपर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार नकद इनाम दिया है। अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भवानीगंज महेश सिंह, उप निरीक्षक कृपा शंकरमौर्य, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, का. अमित सिंह, रितेश सिंह, आनन्द कुमार, सचिन शर्मा शामिल रहे।

# सिद्धार्थनगर कर रहा है देश की सीमा की सुरक्षा : अपर पुलिस महानिदेशक



पत्रकारों से वार्ता करते अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार साथ में पुलिस अधीक्षक डा. यशबीर सिंह। फोटो : एसएनबी

**गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने कहा कि सीमा क्षेत्र में असमाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने के लिए किया जाएगा ग्राम सुरक्षा समिति का गठन**

**लापरवाह पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का दिया निर्देश**

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारो से वार्ता करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने कहा कि भारत नेपाल सीमा के अंतर्राष्ट्रीय बार्डर पर स्थित सिद्धार्थनगर देश की सीमा की सुरक्षा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी जनपद वासियों का यह नैतिक कर्तव्य है कि अगर कोई भी असमाजिक व संदिग्ध व्यक्ति राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है, तो ऐसे लोगो के बारे में सूचना पुलिस अधीक्षक व अपने नजदीकी थाना के थानाध्यक्ष को दे, सूचना देने वाले नागरिको की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि सीमा क्षेत्र में असमाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के लिए ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया जाएगा, इस समिति में रिटायर्ड फौजी, होमगार्ड, पुलिस कर्मी, सभ्रांत व्यक्ति तथा राष्ट्रीय विचार धारा से ओतप्रोत लोगो पूरी तरह से कई स्तर से जांच कराकर शामिल किया जाएगा, जो असमाजिक तत्वों पर नजर बनाए रहेंगे। उन्होंने बताया कि जोन में सभी जिलों के सभी थाना क्षेत्रों में सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर आईजी व पुलिस अधीक्षक के स्तर से ट्विटर, व्हट्सप ग्रुप पर फीड बैक लिया गया जिसमें, सिद्धार्थनगर जनपद की स्थिति गोरखपुर जोन में सबसे अच्छी पाई गई, उन्होंने बताया कि जिले में 80 प्रतिशत मामले राजस्व से सम्बंधित है, इन सभी मामलो के समाधान के लिए थाना दिवस के अलावा डीएम व एसपी स्तर से एक समय निर्धारित करके मामले की सुनवाई करके जल्द जल्द मामलो का समाधान किया जायेगा, जिससे जनता को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि कुछ मामले में मुकदमा न लिखने की बात सामने आई है, कुछ थानाध्यक्षों द्वारा जनता के साथ अच्छा व्यवहार न करने की भी शिकायत प्राप्त हुई है, ऐसे लोगों को बख्शा नही जाएगा, पुलिस का यह दायित्व है कि वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे, थानो पर आने वाले के साथ अच्छा व्यवहार करें, उनके समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुने, जिससे जनता को न्याय मिले यही शासन की मंशा है। जोन व जनपद स्तर पर कराई गई पोलिंग में सिद्धार्थ नगर जिले के लोटन, उसका, त्रिलोकपुर, इटवा डुमरियागंज, बांसी व ढेबरुआ थाने की कार्य प्रणाली से मात्र 25 प्रतिशत लोग ही संतुष्ठ पाए गए, जबकि पथरा, कठेला, भवानीगंज, शिवनगर थाने के कार्यप्रणाली से 50 प्रतिशत लोगों के संतुष्ट होनेका फीड बैक प्राप्त हुआ है। अपर पुलिस महानिदेशक कुमार ने लोगों से अपील किया कि अगर कोई पुलिस कर्मी जनता के साथ दुर्व्यहार कर रहा है, पीड़ितों की समस्याओं को नही सुन रहा है, तो ऐसे थानाध्यक्ष व पुलिसकर्मी के विरुद्ध आप अपना फीड बैक जरूर दे।

## त्रिलोकपुर थाने का किया निरीक्षण

**इटवा/भनवापुर (एसएनबी)।** गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने त्रिलोकपुर थाने का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के सभी अभिलेख तथा शस्त्र एवं ओपेन जिम आदि का भी बारीकी से निरीक्षण कर कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश भी दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक जनपद में दो दिवसीय दौरे पर आये हुए हैं। इनके साथ पुलिस अधीक्षक डा.यशवीर सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत एवं सीओ डुमरियागंज अजय श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। त्रिलोकपुर थाना परिसर में पहुंचने के बाद सबसे पहले इन्हें सलामी दी गई। इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक ने थाना भवन, महिला हेल्प डेस्क, ओपेन जिम, अभिलेख, शस्त्र,मेस आदि का गहराई से निरीक्षण किया।थाना परिसर में उनके द्वारा वृक्षारोपण करके आम जनता से भी अपने घर के आसपास तथा खेत के मेड़ पर अधिक संख्या में पेड़ लगाकर हरियाली को बढ़वा देने को अनुरोध किया गया है।



त्रिलोकपुर थाना परिसर में पौधरोपण करते एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार। फोटो : एसएनबी

# फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह के दो संचालक गिरफ्तार

**पुलिस टीम ने जांच के दौरान मौके से बरामद किया कई फर्जी प्रमाण पत्र**

**काफी दिनों से चल रहा था पैसा लेकर फर्जी प्रमाण पत्र बनाने का खेल**

**सिद्धार्थनगर/डुमरियागंज (एसएनबी)।** जिले की एसओजी, सर्विलांस व डुमरियागंज थाने की संयुक्त टीम के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, पुलिस टीम ने एक फर्जी संस्थान द्वारा पैसा लेकर विभिन्न पाठ्यक्रमों के फर्जी मार्कशीट व उपकरण के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त का नाम श्याम जी चौधरी पुत्र राम सूरत चौधरी निवासी ग्राम रमवापुर उर्फ नेबुआ थाना डुमरियागंज व रमेश यादव पुत्र राजाराम है, जो इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम रमवापुर का रहने वाला है। अभियुक्त श्याम चौधरी राम सूरत अपेक्स इंस्टिट्यूट आफ टेक्नालजी रमवापुर नेबुआ का प्रबंधक है।



पत्रकारों से वार्ता करते एएसपी सुरेशचंद्र रावत। फोटो : एसएनबी

पत्रकारों से वार्ता करते हुऐ अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से यह सूचना मिली कि डुमरियागंज सर्किल में कुछ संस्थानों द्वारा पैसा लेकर विभिन्न प्रकार के कोर्स का मार्कशीट बिना परीक्षा में सम्मलित हुए ही उपलब्ध कराया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने एक विशेष टीम गठित कर दिया। पुलिस टीम ने जब राम सूरत निजी आईटीआई कालेज के प्रबंधक श्याम चौधरी से पूछताछ किया तथा संस्थान का प्रमाण पत्र मांगा गया, तो वे कोई भी वैध प्रमाण पत्र नही दिखा पाए। जबकि संस्थान से निर्गत किये गए सभी दस्तावेज/मार्कशीट फर्जी पाए गए। उसकी निशानदेही पर उसके संस्थान की जाच राजपत्रित अधिकारी के समक्ष करने पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के फर्जी मार्कशीट जैसे ओ लेवल, ए लेवल, सीसीसी, एनटीटी, पीजीडीसीए, डीसीए, बम्बे आर्ट, योग आदि की मार्कशीट एवं वो परीक्षाएं जो केवल अनलाइन माध्यमों से संचालित होती हैं, उनकी भी प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं तथा कुछ ऐसी मार्कशीट जो, ऐनआईईएलटी द्वारा ही जारी की जा सकती हैं व श्री राम सूरत एपेक्स इस्टिटयूट एंड टेकनोलजी द्वारा निर्गत प्राप्त हुई है, जिसके पंजीयन संख्या की जाच की गई तो फर्जी पाया गया।

पूछताछ में संस्थान में ही फर्जी मार्कशीट बनाने के उपकरण जैसे कंप्यूटर, लैपटाप, कलर प्रिंटर, पेन ड्राइव्स, फिंगर प्रिण्ट स्कैनर एवं विभिन्न परीक्षा प्राधिकारी संस्थाओं के मुहर इत्यादि मिले। संस्थान में ही एक अन्य कमरे में आईटीआई कोर्स से संबंधित उपकरण भी मिले, पूछताछ में प्रबंधक द्वारा बताया गया कि उसकी एक अन्य संस्था राजाराम कम्प्यूटर एंड टेकनोलजी कस्बा बुढ़ऊ त्रिलोकपुर में भी है, वहां भी फर्जी मार्कशीट इत्यादि का काम



रमवापुर उर्फ नेबुआ गांव में स्थित श्री राम सूरत निजी आईटीआई कालेज। फोटो : एसएनबी

होता है, वहा प्रबंधन का रमेश यादव देखता है, टीम द्वारा वहाँ पहुंचकर रमेश यादव से पूछताछ कर वहां से भी कुछ फर्जी मार्कशीट, कंप्यूटर, लैपटप, कलर प्रिंटर, पेन ड्राइव्स, प्रवेश पत्र बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब पुलिस टीम द्वारा कड़ाई एवं वैज्ञानिक तरीकों से पूछताछ की गई, तो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि छात्र/परिजन जब आते हैं और कोर्स के संबंध में जानकारी लेते हैं, तो हम लोग बताते हैं यदि आप पैसा दें तो हम लोग तुरंत ही मार्कशीट उपलब्ध करा सकते हैं। हम लोग पैसा लेकर छात्रों को विश्वाश दिलाने के लिए अपने संस्था की वेबसाइट पर उनका प्रवेश पत्र कोरल ड्र सफ्टवेयर के माध्यम से बनाकर उनको दे देते हैं, वो परीक्षा जो आनलाइन माध्यमों से होती हैं, हम लोग छात्रों को बताते है कि लेट पेमेंट जमाकर हम यहीं आफलाइन परीक्षा आयोजित करा देंगे, हम लोग किताबों से प्रश्नपत्र कपी कर बना लेते हैं, डुमरियागंज में कापी एवं मुहर छपवा व बनवा लेते हैं एवं परीक्षा कराकर अपने संस्था के नाम से फर्जी पंजीयन क्रमांक व रोल नंबर आदि डालकर अपने कलर प्रिण्टर से सफ्टवेयर के माध्यम से मार्कशीट बनाकर दे देते हैं। कुछ कोर्सो की मार्कशीट हम लोग फैजाबाद के एक प्रतिष्ठित संस्थान से मंगाते हैं जो एनटीटी, योग इत्यादि की मार्कशीट महर्षिदयानन्द संस्थान के नाम से देते हैं। कुछ लोगों को सीसीसी एवं अनुभव प्रमाण पत्र भी देते हैं, उनके द्वारा पूर्व में जिन अभियर्थियों को मार्कशीट निर्गत की गई है, उनके भी नाम पता बताया गया है, जिसकी जांच प्रचलित है कि कहां कहा मार्कशीटों का प्रयोग किया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष डुमरियागंज सूर्यभान सिंह, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेष नाथ यादव,उप निरीक्षक अजय सिंह, महिला उप निरीक्षक श्रीमती शाइस्ता खा, मुख्य आरक्षी राजीव शुक्ला, रमेश यादव, पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, अवनीश सिंह, आरक्षी विवेक जायसवाल, मनीष कुमार जायसवाल, अमित यादव, देवेश यादव, अभिनन्दन सिंह, अतुल चौबे शामिल रहे। टीम के इस सफलता पर अपर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार नकद पुरस्कार देने की घोषणा किया है।

# सिद्धार्थनगर में फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। एसओजी, सर्विलांस और डुमरियागंज पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी मार्कशीट बनानेवाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो फर्जी संस्थानों के प्रबंधकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रमवापुर उर्फ नेबुआ गांव स्थित श्री राम सूरत निजी आईटीआई और बुढ़ऊ त्रिलोकपुर स्थित श्री राजाराम कम्प्यूटर एंड टेक्नोलॉजी में यह फर्जीवाड़ा चल रहा था। मंगलवार रात छापामारी में यहां से बड़ी संख्या में विभिन्न तकनीकी विषयों के प्रमाणपत्र बरामद हुए।

■ डुमरियागंज स्थित दो फर्जी संस्थानों से जारी किए जाते थे प्रमाणपत्र

एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने बुधवार को बताया कि सोशल मीडिया से सूचना मिली थी कि डुमरियागंज क्षेत्र में एक संस्थान धन लेकर विभिन्न कोर्सों की फर्जी मार्कशीट बांट रहा है। एसपी डॉ.यशवीर सिंह ने मामले की जांच के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने मंगलवार रात नेबुआ गांव स्थित श्री राम सूरत निजी आईटीआई कॉलेज में छापेमारी की। टीम ने प्रबंधक श्याम चौधरी से पूछताछ की तो वह संस्थान के संबंध में कोई वैध प्रमाण पत्र नहीं दिखा सके। संस्थान ने ओ लेवल, ए लेवल, सीसीसी, एनटीटी, पीजीडीसीए डीसीए, बॉम्बे आर्ट, योग आदि के प्रमाणपत्र भी जारी किए थे, जो पूरी तरफ फर्जी मिले । कुछ ऐसी मार्कशीट जो एनआईईएलटी की ओर से ही जारी की जा सकती हैं, श्री राम सूरत एपेक्स इंस्टीट्यूट एंड टेक्नोलॉजी से जारी मिलीं। यह संस्था भी फर्जी मिली।

➤दो संस्थानों में चलता था खेल P 03

# चोरी की पांच बाइक के साथ दो चोर किए गए गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। भवानीगंज पुलिस ने मंगलवार की रात क्षेत्र के बयारा गांव में छापेमारी कर चोरी की पांच बाइक व असलहा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी ने पुलिस टीम की इस कामयाबी पर 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया है।

एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि थानाध्यक्ष महेश सिंह अपनी टीम के साथ सिलोखरा चौराहे पर गश्त पर थे। मुखबिर से सूचना मिली कि बयारा गांव में एक भवन में दो लोग बाइक छिपाकर रखे हैं। वह उन बाइकों को नेपाल ले जाकर बेचने की फिराक में है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंच उस घर को घेर लिया। पुलिस टीम को देख मौके पर मौजूद दो लोग भागने की कोशिश की उन्हें पुलिस टीम ने दबोच लिया।

पूछताछ में उनकी पहचान क्षेत्र के चकमारूफ गांव निवासी अरविंद कुमार उर्फ राज पुत्र परमात्मा प्रसाद व अभिषेक भट्ट उर्फ मुन्ना पुत्र राजेश भट्ट के रूप में हुई। पुलिस टीम को मौके से चोरी की पांच बाइक मिली। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## एडीजी जोन अखिल कुमार ने पत्रकारों से की बातचीत, सभागार में सुनीं फरियाद

# संवेदनशील बनें अफसर गंभीरता से सुनें शिकायत

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जिले के कुछ थानों में फरियादियों की फरियाद सही से नहीं सुनी जा रही है। अफसर संवेदनशील बनें और गंभीर होकर मामले की सुनवाई करें। ये बातें एडीजी जोन अखिल कुमार ने बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर में कुछ थानों में चोरी, रेप व दुर्घटना के मामले दर्ज नहीं हो रहे हैं। सभी थानेदार ऐसे मामलों को तत्काल दर्ज करें। उन्होंने बताया कि थाना व संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई में 80 फीसदी मामले राजस्व के आ रहे हैं। थानों व संपूर्ण समाधान दिवस में अफसर संवेदनशील बनें। दोनों पक्षों को सुन कर बीच का रास्ता निकाल समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि डीएम-एसपी दिन में एक साथ बैठकर आधे घंटे तक सिर्फ राजस्व के मामले सुनें। उन्होंने अफसरों से आंकड़ों के आधार पर घटनाओं का विश्लेषण न करने को कहा। उन्होंने बताया कि जोन के 11 जिलों में सिद्धार्थनगर का कामकाज सबसे बेहतर है। सिद्धार्थनगर जिले के कुछ थाने 25 फीसदी व कुछ 50 से 70 फीसदी लोगों की समस्या सुन रहे हैं। अगर पूरी सुनेंगे तो उच्चाधिकारियों के पास मामले नहीं जाएंगे। उन्होंने सभी से मामलों को गंभीरता से सुनने को कहा। उन्होंने कहा कि इटवा, डुमरियागंज, त्रिलोकपुर, उस्का, बांसी, ढेबरुआ का कामकाज सहीं नहीं। यहां सिर्फ 25 फीसदी लोगों की ही सुनवाई रही है। सभी लोग अपना कार्यप्रणाली सुधारें। उन्होंने अफसरों को गांव सुरक्षा समिति बनाने का निर्देश दिया। उन्होंन बताया कि समिति में 10 लोगों को रखें। इसमें रिटायर्ड कर्मियों को प्राथमिकता दें।




एडीजी अखिल कुमार ने बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में पत्रकारों से बातचीत की। • हिन्दुस्तान

## राजस्व, मारपीट व चोरी के मामले आए

सिद्धार्थनगर। अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में फरियादियों की फरियाद सुनीं। एडीजी के सामने 17 फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। इसमें राजस्व, चोरी, मारपीट के मामले अधिक रहे।

सदर थाना क्षेत्र के शिवपुर कॉलोनी निवासी मनोज कुमार पाण्डेय ने एडीजी के सामने फरियाद की कि घर पर चोरी हुई थी पर अब तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को घटना का शीघ्र अनावरण करने व चोरी गए सामान की बरामदगी करने का निर्देश दिया। उस्का बाजार क्षेत्र के बैरवा नानकार गांव निवासी नीलम सिंह ने कहा कि मारपीट का मामला उठाया। इस पर एसओ को निष्पक्ष कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वहीं एडीजी ने उस्का के ही छितरापार निवासी गोविंद की फरियाद सुन निष्पक्ष विवेचना कर कार्रवाई करने को कहा। लोटन क्षेत्र के मैनहवा कौलपुर ग्रांट निवासी नाजमा, लोटन के रमवापुर निवासी श्यामलाल ने भूमि विवाद का मामला उठाया। एडीजी ने मामले में जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# नाबालिग चला रहे वाहन

उस्का बाजार। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में नाबालिग बेरोकटोक वाहन चला रहे हैं। इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कमल सोनी , अनूप मोदनवाल, अमरेश वर्मा, पंकज अग्रहरि, रवि अग्रहरि आदि ने प्रशासन से इन पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### डुमरियागंज में दो फर्जी संस्थान बनाकर फर्जी प्रमाणपत्र बनाने का चल रहा था खेल

# दो संस्थानों में बना रहे थे फर्जी मार्कशीट

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस की छापेमारी में डुमरियागंज थाना क्षेत्र के रमवापुर उर्फ नेबुआ गांव स्थित श्री राम सूरत निजी आईटीआई कॉलेज में फर्जी मार्कशीट बनाने के उपकरण कंप्यूटर, लैपटॉप, कलर प्रिंटर, पेन ड्राइव, फिंगर प्रिंट स्कैनर व विभिन्न परीक्षा प्राधिकारी संस्थाओं के मुहर आदि मिली। संस्थान में ही एक अन्य कमरे में आईटीआई कोर्स से संबंधित उपकरण भी मिले।

पूछताछ में प्रबंधक ने बताया कि उसकी एक अन्य संस्था श्री राजाराम कम्प्यूटर एंड टेक्नोलॉजी कस्बा बुढ़ऊ त्रिलोकपुर में भी है, वहां भी फ़र्जी मार्कशीट बनाने आदि का काम होता है। वहां प्रबंधन का कार्य रमेश यादव देखता है। इसके बाद टीम ने वहां पहुंचकर रमेश यादव से पूछताछ कर वहां भी फर्जी मार्कशीट, कंप्यूटर, लैपटॉप, कलर प्रिंटर, पेन ड्राइव, प्रवेश पत्र आदि बरामद किया। एएसपी ने बताया कि मंगलवार की रात दोनों संस्थानों को सील कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस लाइंस सभागार में बुधवार को फर्जी मार्कशीट बनाने वाले आरोपितों के साथ एएसपी सुरेश चंद्र रावत ।

आरोपियों केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपये नगद इनाम दिया है।

**ऐसे दिलाते थे छात्रों व परिजनों को विश्वासः** पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोगों का दो इंस्टीट्यूट श्री राम सूरत एपेक्स इंस्टीट्यूट एंड टेकनोलॉजी व श्री रामसूरत निजि आईटीआई कॉलेज है। छात्र या परिजन कोर्स के संबंध में जानकारी लेने आते हैं तो उन्हें पैसा देने पर तुरंत मार्कशीट उपलब्ध कराने का ऑफर दिया जाता है। पैसा लेकर छात्रों को विश्वास दिलाने के लिए अपनी संस्था की वेबसाइट पर उनका प्रवेश पत्र कोरल ड्रॉ सॉफ्टवेयर के माध्यम से बनाकर दे देते हैं। जो परीक्षाएं ऑनलाइन होती हैं, उनके बारे में छात्रों को बताते हैं कि लेट पेमेंट फीस जमा यहीं ऑफलाइन परीक्षा करा देंगे। हमलोग किताबों से प्रश्नपत्र कॉपी कर बना लेते हैं एवं डुमरियागंज में कॉपी एवं मुहर छपवा व बनवा लेते हैं। इसके बाद परीक्षा कराकर अपनी संस्था के नाम से फर्जी पंजीयन क्रमांक व रोल नंबर आदि डालकर अपने कलर प्रिंटर से सॉफ्टवेयर के माध्यम से मार्कशीट बनाकर दे देते हैं। कुछ कोर्सों की मार्कशीट हम लोग फैजाबाद के एक प्रतिष्ठित संस्थान से मंगाते हैं, जो एनटीटी, योग आदि की मार्कशीट महर्षि दयानन्द संस्थान के नाम से देते हैं। कुछ लोगों को सीसीसी व अनुभव

## इनकी हुई गिरफ्तारी

श्याम जी चौधरी पुत्र रामसुरत निवासी रमवांपुर उर्फ नेबुआ थाना डुमरियागंज व रमेश यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी मधुकरपुर थाना इटवा की गिरफ्तारी हुई है।

## ये रहे शामिल

तकनीकी टीम में एसआई धर्मेन्द्र कुमार यादव, कांस्टेबल मनीष कुमार जायसवाल, अमित यादव, विवेक जायसवाल, देवेश यादव, अभिनन्दन सिंह, अतुल चौबे शामिल रहे।

## ये हुई बरामदगी

24 अंकपत्र, 24 प्रमाणपत्र, 100 पंजीकरण फार्म, 17 मुहर, 12 लिखित कॉपियां, 12 अदद भरा हुआ आवेदन पत्र, पांच लैपटॉप, 20 डेस्कटॉप कम्प्यूटर मय उपकरण, एक डेड बैटरी, एक कलर प्रिंटर, एक फिंगरप्रिन्ट स्कैनर, एक हार्डडिस्क, एक कार्डरीडर, एक पेन ड्राइव, 1000 पंफलेट, 100 प्रास्पेक्टस, पांच बुकलेट (फीस रसीद), 15 सौ रुपये नगद।

## पुलिस टीम में ये रहे शामिल

टीम में थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस सेल शेषनाथ यादव, एसआई अजय सिंह, शाइस्ता खां, हेड कांस्टेबल राजीव शुक्ल, रमेश यादव, कांस्टेबल पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, अवनीश सिंह शामिल रहे।

# एफआइआर नहीं दर्ज करने पर थानेदार को चेतावनी

### केस एक

सदर थाना के शिवपुरी कालोनी निवासी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उनके घर में चोरी हुई थी। पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है लेकिन चोरी गए सामान की बरामदगी नहीं हुई और आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने एसओ सदर को चोरी का पर्दाफाश करने के लिए निर्देशित किया।

### केस दो

उसका बाजार थाना के छित्तरापार गांव निवासी गोविंद के साथ कई ग्रामीणों ने बताया कि दो गुट के बीच हुई मारपीट में एक युवक की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने हत्या समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लेकिन पुलिस के निष्पक्ष जांच पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। वह आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने में कतरा रही है। एडीजी जोन ने एसओ उसका बाजार को निष्पक्ष कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

### केस तीन

लोटन थाना के रमवापुर गांव निवासी श्यामलाल ने बताया कि गांव में भूमि को लेकर एक पक्ष से विवाद चल रहा है। सक्षम न्यायालय से आदेश भी जारी हुआ है लेकिन पुलिस के शह पर दूसरे पक्ष के लोग लगातार अवरुद्ध उत्पन्न करते रहते हैं। वह मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। एडीजी जोन ने एसओ लोटन को न्यायालय के आदेश का अनुपालन करने व निरोधात्मक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

- एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में की जनसुनवाई
- कुल आए 17 मामले, सात का किया निस्तारण
- महिला पीड़ित मामले में जांच के दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में जनसुनवाई की। कुल 17 मामले प्रस्तुत हुए। अधिकांश मामले राजस्व व भूमि विवाद से संबंधित रहे। सात मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। वहीं महिला उत्पीड़न से संबंधित मामले में एफआईआर नहीं दर्ज होने की शिकायत को गंभीरता से लिया। शोहरतगढ़ थानेदार को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह को निर्देशित किया कि जो भी थानेदार मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली करते हैं उनपर कार्रवाई की जाए। वह जांच करें कि अगर पीड़ित महिला अपनी फरियाद लेकर थाना पर गई थी तो किसने उसे बिना सुनवाई के वापस भेज दिया। पुलिस कर्मी को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए।



पुलिस लाइन में जनसुनवाई के दौरान पीड़ितों की फरियाद सुनते एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार एवं एसपी यशवीर सिंह • जागरण

# प्रवेश व भुगतान तक की थी आनलाइन व्यवस्था

जासं, डुमरियागंज : रमवापुर उर्फ नेबुआ में फर्जी तरीके से संचालित जिस रामसूरत निजी आइटीआइ कालेज का राजफाश बुधवार के दिन एसओजी सहित स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने किया उसका संचालन पिछले सात वर्षों से हो रहा था। मामले में प्रबंधक श्याम जी चौधरी उर्फ श्याम वर्मा भी धराया जो उसी गांव का निवासी है। कालेज उसके बाबा के नाम पर है जो वर्ष 89-90 में गांव के प्रधान रहते हुए जालसाजी के मामले में तत्कालीन लेखपाल बृजभूषण श्रीवास्तव के साथ जेल गए। इस कालेज में प्रवेश से लेकर शुल्क जमा करने व प्रमाणपत्र देने तक की पूरी व्यवस्था आनलाइन है।

संस्थान की आनलाइन वेबसाइट इस कदर हाईटेक है कि प्रवेश लेने वाले को अपने हर प्रश्न का उत्तर आनलाइन मिल जाता है। वेबसाइट पर लोकेशन में संस्थान का पता बिजवार बढ़ई का है, जबकि कालेज का दो मंजिला भवन नेबुआ ग्राम पंचायत में है। इसी दो मंजिले भवन में रामसूरत निजी आईटीआई कालेज, रामसूरत एपेक्स इंस्टिट्यूट एंड टेक्नालाजी एवं रामसूरत योग संस्थान जैसी तीन प्रशिक्षण संस्थान चलते हैं। यहां आनलाइन दो से तीन माह के डिप्लोमा कोर्सेज में योगा, इंजीनियरिंग, पैरामेडिकल, फायर शेफ्टी, वोकेशनल, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, मार्केटिंग व कंप्यूटर कोर्स संचालित हैं।

वेबसाइट से ही किसी भी कोर्स के लिए आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। फार्म सबमिट करने के बाद संस्थान से प्रवेशार्थी के नंबर पर संपर्क कर गूगल पे, फोन पे के माध्यम से शुल्क जमा कराने की व्यवस्था है। जिसके बाद उन्हें एक इनरोलमेंट नंबर मिलता है। इसी के सहारे प्रवेश लेने वाले सप्ताह भर बाद वेबसाइट से ही प्रमाणपत्र डाउनलोड कर लेते थे। संस्था से हार्ड कापी कोरियर के माध्यम से पते पर पहुंचाया जाता था। ऐसे दर्जनों कालेज बिना पंजीयन के चल रहे हैं जिनतक जांच की आंच पहुंच सकती है। कोतवाल सूर्यभान सिंह ने बताया कि इस प्रकार के संस्थानों पर भी पुलिस व मीडिया सेल नजर बनाए हुए है। जिले की बड़ी आबादी खाड़ी देशों में रोजी कमाती है। अधिकतर तकनीकी रूप से दक्ष लोगों को ही बेहतर वेतन मिलता है।




# विभाग में चल रहे कार्यों को पूरा कराएं अफसर : एडीजी जोन

## पुराने भवन के ध्वस्तीकरण प्रक्रिया शुरू कराने की दी हिदायत, कहा कि- जो जनता की करेंगे सेवा, वहीं बन सकेंगे थानाध्यक्ष

जागरण संवाददाता, बिस्कोहर, सिद्धार्थनगर : एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार सिंह ने बुधवार की सायं त्रिलोकपुर थाने का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं को देखा। अभिलेखों की जांच की तो ग्राम प्रधानों, व्यापारियों व नागरिकों से संवाद भी स्थापित किया।

थाने पर पहुंचे एडीजी ने बिंदुवार निरीक्षण किया। थाना कार्यालय, आवास, बैरक, हवालात, मेस, महिला डेस्क को देखते हुए संबंधित से जुड़ी जानकारियों को प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस बैरक में टीवी लगाने के संबंध में निर्देश दिए। परिसर नए आवासीय भवन की भी जांच की, जहां पर काम बंद मिला। पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग के अधिकारी को मिलकर जल्द ही कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टर की जांच की। महिला आरक्षी से इससे संबंधित प्रश्न पूछे और उत्तर पर संतुष्ट दिखे। असलहों को की जांच की और बंदूक के बारे में थानाध्यक्ष से सवाल पूछे, जिसका जवाब वे नहीं दे सके। बंदी गृह को देखते हुए



त्रिलोकपुर थाने में आयोजित कार्यक्रम को संबोधन करते एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार (मध्य में) एसपी डा. यशवीरसिंह ● जागरण

जिम क्लब में गए और मशीनों की जांच की, इसी परिसर में पौधारोपण भी किए। थाने के पुराने भवन के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कराने के संबंध में निर्देश दिए। संबोधन में उन्होंने कहा कि इस समय पुलिस की वोटिंग की जा रही है। ग्राम प्रधान लोग पंचायत स्तर पर ग्रुप बनाए हैं, सभी को एक जुलाई से जनपद स्तर पर लिंक मिल जाएंगे। याद रहे कि जो जनता को संतुष्ट कर सकेंगे, वही थानाध्यक्ष बन सकेंगे। जनता से मिलने का मतलब है कि मेरे अंदर जो कमी हो उसमें सुधार आए। प्रधान, सचिव, लेखपाल सब मिलकर गांव की समस्या का गांव में ही निस्तारण कराएं। कोई अवैध रूप से तमंचा लेकर चलता है, तुरंत सूचना दें। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। परिवार को खुश देखना है तो क्राइम से दूर रहें। इस दौरान व्यापार मंडल के लोग एडीजी से मिले और एक लाइब्रेरी खोलने की बात कही। एडीजी ने कहा कि व्यापार मंडल और जन सहयोग से लाइब्रेरी बनवा लें, जिससे प्रदेश स्तर पर इस थाने का नाम रोशन हो। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, एएसपी सुरेश चंद्र सिंह रावत, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव, आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अब जनता करेगी पुलिस के काम की समीक्षा

- राजस्व मामलों की सुनवाई के लिए तैयार होगी कार्ययोजना
- सीमावर्ती गांवों में बनाई जाएगी नई ग्राम सुरक्षा समिति

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने बुधवार को कहा कि अब जनता का राज है। जनता ही पुलिस के कामों की समीक्षा करेगी। पहले पुलिस के कामों का विश्लेषण आकड़ों के आधार पर किया जाता था, अब इसमें बदलाव आया है। थानेदार से लेकर थाना में तैनात सिपाहियों के काम की समीक्षा आनलाइन की जा रही है। ट्विटर, वाट्सएप पर लिंक जारी करके जनता से राय ली जा रही है। जनपद के सात ऐसे थाने चिन्हित किए गए हैं, जिनके काम से वहां की जनता संतुष्ट नहीं है। यहां के थानेदारों को चेतावनी दी गई है। सात ऐसे थाने भी जिनसे जनता खुश भी है, अब इनके बीच की दूरी को कम किया जाएगा। गोरखपुर जोन के 11 जनपद में सिद्धार्थनगर का काम सर्वोत्तम पाया गया है। उन्होंने यह बातें पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहीं। इनके साथ में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह भी मौजूद रहे। कहा कि यहां जनसुनवाई में 80 से 90 प्रतिशत मामले राजस्व से संबंधित आए। इसके लिए कार्ययोजना तैयार करके कार्रवाई होगी। तहसील व थाना समाधान दिवस से इतर रोजाना राजस्व के मामलों की सुनवाई के लिए अधिकारियों को समय निकालना होगा। जनता की परेशानी को समझते हुए संवेदनशीलता दिखानी होगी। पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित करके काम करेंगे। कुछ मामलों में प्राथमिकी नहीं दर्ज होने की शिकायत मिली है, थाना में एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई, इसकी जांच कराई जाएगी। जनता से मिले फीडबैक में पथरा बाजार थाना का काम सबसे अच्छा है। यहां के काम से 70 प्रतिशत लोग संतुष्ट हैं। ढेबरुआ थाना में सबसे कम 10 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के काम से संतुष्टि जताई है। यह जनपद नेपाल सीमा से लगा है, देश की सुरक्षा में सभी वर्ग के लोगों को आगे बढ़ कर प्रतिभाग करना होगा। दस किमी की दूरी पर स्थित गांव में ग्राम सुरक्षा समिति गठित की जाएगी। संदिग्ध व राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचित करें।

**डीएम व एसपी रोजाना करेंगे साथ में राजस्व मामलों की सुनवाई : एडीजी** गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने बताया कि इस जनपद में प्रयोग किया जाएगा। जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह से वार्ता करके इन्हें एक साथ बैठकर रोजाना आधा से एक घंटे जनसुनवाई करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान केवल राजस्व के मामले ही सुने जाएंगे और यथासंभव उनका त्वरित निस्तारण भी किया जाएगा।

# फर्जी अंकपत्र मामले में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

- एसओजी, मीडिया सेल व डुमरियागंज थाना की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई
- एएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में किया पर्दाफाश
- छापेमारी में पकड़े गए हैं दो फर्जी शिक्षण संस्थान

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** एएसपी सुरेश चंद्र रावत व सीओ यातायात अवधेश कुमार वर्मा ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में फर्जी अंकपत्र बनाने के मामले का पर्दाफाश किया। एसओजी व डुमरियागंज थाना पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों का नाम डुमरियागंज थाना के रमवापुर उर्फ नेबुआ गांव निवासी श्याम जी चौधरी व इटवा के मधुकरपुर निवासी रमेश यादव है। संयुक्त टीम ने मौके पर कंप्यूटर कोर्स से ओ लेबल, ए लेबल, ट्रिपल सी, एनटीटी, पीजीडीसीए, डीसीए, बांबे आर्ट, योग आदि विभिन्न पाठ्यक्रम की मार्कशीट व आनलाइन माध्यम से संचालित होने वाली परीक्षा के प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिका के साथ लैपटाप, कम्प्यूटर, प्रिंटर, फिंगरप्रिंट स्कैनर आदि बरामद किया है। टीम को 15 हजार नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

एएसपी ने बताया कि इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से पुलिस को



फर्जी अंकपत्र मामले में गिरफ्तार हुए लोगों की जानकारी देते एएसपी सुरेश चंद्र रावत एवं सीओ यातायात अखिलेश वर्मा ● जागरण

सूचना मिली कि कुछ संस्थान बगैर परीक्षा कराए ही विभिन्न पाठ्यक्रम के अंकपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। इसे संज्ञान में लेने के बाद विशेष पुलिस टीम गठित की गई। रामसूरत निजी आइटीआइ के प्रबंधक श्याम चौधरी से पूछताछ किया। संस्थान से संबंधित प्रपत्र मांगे तो कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। इसी दौरान मालूम चला कि एक अन्य फर्जी संस्था राजाराम कंप्यूटर एंड टेक्नोलाजी त्रिलोकपुर के कस्बा बुढ़ऊ में संचालित हो रही है। वहां प्रबंधन का कार्य रमेश यादव देखते हैं। छात्रों को विश्वास में लेने के बाद विलंब शुल्क जमा कराने के नाम पर आफलाइन परीक्षा का बहाना बना देते हैं। संस्था के नाम से फर्जी पंजीयन क्रमांक व रोल नंबर आदि डालकर मार्कशीट बनाकर देते हैं। अन्य कोर्स के लिए फैजाबाद के संस्थान से अंकपत्र मंगाते हैं। टीम में एसओ डुमरियागंज सूर्यभान सिंह, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव, मीडिया सेल प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, एसआइ अजय सिंह, महिला एसआइ शाइस्ता खान, मुख्य आरक्षी राजीव शुक्ला, रमेश यादव, आरक्षी पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, अवनीश सिंह, मनीष कुमार जायसवाल, अमित यादव आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक व तमंचा के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। भवानीगंज पुलिस ने दो शातिर बाइक लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की पांच बाइक व तमंचा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों का नाम चकमारूफ गांव निवासी अरविंद कुमार उर्फ राज व अभिषेक भट्ट उर्फ मुन्ना है। एएसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

एएसपी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिलोखरा चौराहे पर पुलिस गश्त कर रही थी। मोहम्मद जलील अब्बासी इंटर कालेज के पास बयारा गांव के एक निष्प्रयोज्य भवन में संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोग दिखाई दिए। टार्च की रोशनी में अंदर छिपाकर रखी गई बाइक दिखाई दी। पूछताछ करने के दौरान आरोपितों ने अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने का प्रयास किया। जवानों ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ा और थाना ले आए। आरोपितों ने बताया कि निष्प्रयोज्य भवन में चोरी की बाइक छिपाकर रखी है। नंबर प्लेट बदल कर इसे नेपाल ले जाने की योजना बनाई थी। दो माह पूर्व बस्ती के सोनहा थाना के कंधुई चौराहा से बाइक चोरी की थी। उसे बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र में लावारिस छोड़ दिया था। दोनों आरोपितों का बस्ती के सोनहा व भवानीगंज थाना में आपराधिक इतिहास दर्ज है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसओ भवानीगंज महेश सिह, एसआइ कृपाशंकर मौर्या, अर्जुन सिंह, आरक्षी अमित सिंह, रितेश सिंह, आनंद कुमार, सचिन मौर्या आदि मौजूद रहे।

# मानव तस्करी तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध

**जासं,शोहरतगढ़ :** शोहरतगढ़ थाना परिसर में बुधवार को बाल दुर्व्यवहार एवं मानव तस्करी पर रोकथाम विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। लोगों को मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए प्रेरित किया गया। सीओ शोहरतगढ़ हरिश्चंद्र ने कहा कि नशीली दवाओं और हथियारों के कारोबार के बाद मानव तस्करी विश्व भर में तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है। नेपाल में गरीब परिवार की बेटियों व किशोरों को नौकरी व रोजगार का लालच देकर मानव तस्कर महानगरों में ले जाकर बेचने का काम करते हैं। विश्व में ८० प्रतिशत से ज्यादा मानव तस्करी यौन शोषण के लिए होती है। खुली सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों को विवेक से काम करना होगा। नेपाल के नागरिक को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसका ध्यान रखें। 24 स्थानों पर पुलिस के सीसी कैमरे लगे हैं। मानव सेवा संस्थान के धर्मेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, जिला समन्वयक चाइल्डलाइन सुनील उपाध्याय, प्रसून शुक्ला, नीरज शर्मा, जयप्रकाश गुप्ता, रामनरेश यादव, पुलिस चौकी खुनुवा के प्रभारी महेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# बरात आने से पहले दुल्हन फरार, बहन से हुई शादी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोल्हौरा।** घर पर बरातियों के आवभगत की तैयारी चल रही थी। रात आठ बजे बरात गांव में पहुंच गई। द्वार पूजा की बात चल रही थी कि पता चला दुल्हन ही भाग गई। इसके बाद दुल्हन के पिता के आग्रह पर दोनों पक्ष दुल्हन की छोटी बहन से शादी को तैयार हो

## गोल्हौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में आई थी बरात

गए। घटना मंगलवार रात को गोल्हौरा थानाक्षेत्र के एक गांव में हुई। इससे परिवार के लोग और बराती सकते में हैं।

गोल्हौरा थानाक्षेत्र के एक गांव में एक युवती की शादी 21 जून होनी तय थी। घर पर बरातियों के लिए आवभगत की तैयारी चल रही थी। रात आठ बजे बरात भी गांव में पहुंच गई।

महिलाओं ने जब रस्म के लिए लड़की को बुलाया पता चला कि वह नहीं है। उस समय घर का वातावरण गमगीन हो गया। इसका पता जब वर पक्ष को लगा तो चर्चा होने लगी। लड़के के पिता ने लड़की के पिता को बुलाकर सचाई जानी। लड़की के पिता ने बताया कि बरात आने के बाद लड़की घर से लापता हो गई है। उसकी छोटी बेटी देख लीजिए, यदि पसंद हो जाए तो शादी कर दूंगा।

वर पक्ष इसके लिए राजी हो गया। रात में शादी की रस्में पूरी हुईं। एसओ गोल्हौरा छत्रपाल सिंह ने बताया कि लड़की की खोज कर ली गई है।

# सात थानों से संतुष्ट नहीं जनता : एडीजी

## ढेबरुआ थाने की स्थिति सबसे अधिक खराब, सुधार के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस की कार्यशैली में बदलाव लाने की लगातार कोशिश की जा रही है, उन्हें जवाबदेह बनाया जा रहा है। जिले के सात थाने ऐसे हैं, जिनकी मॉनिटरिंग में ट्वीटर पर आए फीडबैक में जनता संतुष्ट नहीं है। ये बातें एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही।

एडीजी ने कहा कि सिद्धार्थनगर जिले की पुलिस अच्छा कार्य कर रही है, लेकिन इससे बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे थानों के बारे में जानकारी मिले, इसके लिए सोशल मीडिया के ट्वीटर और अन्य प्लेटफार्म पर फीडबैक लिया जा रहा है। इसकी हर माह थाना वार रैंकिंग की जाती है। सिद्धार्थनगर जनपद के सात थाने ऐसे हैं, जहां जनता ने पुलिस से असंतुष्ट होने का फीडबैक दिया है। इसमें सबसे खराब स्थिति ढेबरुआ थाने की है। यहां की पुलिस से केवल 10 प्रतिशत लोग ही संतुष्ट हैं। इन्हें कार्यशैली में सुधार के निर्देश दिए गए हैं। अगर जल्द व्यवहार और कार्य में बदलाव नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी। उसका, त्रिलोकपुर, इटवा, डुमरियागंज, बांसी और लोटन थाने की भी स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा कार्य पथरा बाजार थाने का है। यहां पर 70 प्रतिशत जनता पुलिस के कार्य से संतुष्ट है। शिवनगर डिडई, कपिलवस्तु, भवानीगंज का प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने कहा कि जनपद भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है। यहां पुलिस विशेष सतर्क है, लेकिन जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इस दौरान एसपी डॉ. यशवीर सिंह, एएसपी सुरेश चंद रावत, सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव, सीओ देवी गुलाम सिंह, सीओ अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।




पुलिस लाइंस सभागार में प्रेस वार्ता करते एडीजी अखिल कुमार। संवाद

### हर गांव में बनेगी सुरक्षा समिति

एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर गांवों में सुरक्षा समिति का गठन किया जाएगा। इसमें सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी, सैनिक, होमगार्ड के जवान, शिक्षक आदि को रखा जाएगा। इनका दायित्व यह होगा कि वे गांव के विवाद को गांव में सुलझाएंगे और सीमावर्ती क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते रहेंगे।

# पीआरडी जवानों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** कार्यालय में तैनात लिपिक पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए बुधवार को पीआरडी जवानों ने इसकी शिकायत डीएम से की है। शिकायती पत्र में जवानों ने कहा कि ड्यूटी लगाने के नाम पर उनका उत्पीड़न और शोषण किया जाता है। रकम न देने पर दूर-दराज के इलाकों में भेज दिया जाता है। पीआरडी जवान रामकुमार जायसवाल का मामला उठाते हुए जवानों ने कहा कि ड्यूटी करने के बाद भी उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है। संवाद

# कच्ची शराब के साथ एक पकड़ा गया

**पकड़ी बाजार।** मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मंगलवार की देर शाम एक व्यक्ति को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर किया है।थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह की अगुवाई में मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने कच्ची शराब की बिक्री की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर ओदनवा ताल के पास से 10 लीटर कच्ची शराब तथा बनाने वाला उपकरण यूरिया के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसे आबकारी एक्ट के तहत चलान कर दिया। संवाद

# बाल दुर्व्यवहार व मानव तस्करी रोकने पर जोर

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** स्थनीय थाना परिसर में बुधवार को बाल दुर्व्यवहार एवं मानव तस्करी की रोकथाम के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सीओ हरिश्चंद्र ने कहा कि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से गरीब परिवार की बेटियों व किशोरों को नौकरी व रोजगार का लालच देकर मानव तस्कर महानगरों में ले जाकर बेच देते हैं। इससे जहां उनका बचपन छिन जाता है, वहीं उन्हें बाल श्रमिक के रूप में कार्य करना पड़ता है। खुली सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों को ड्यूटी करना मुश्किल है, लेकिन हमें विवेक से काम करना है। अपराधी प्रवृति के लोगों की पहचान भी जरूरी है, इसके लिए सीमा पर 24 जगहों पर सीसीटीवी पुलिस ने लगवाए हैं। मानव सेवा संस्थान के धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि वह मानव तस्करी को रोकें। एएचटीयू प्रभारी बृजेश सिंह ने कहा कि शासन की कई बार कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनके बारे में लोगों को जागरूक करने में ग्राम प्रधान वह बीडीसी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, एएसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, सुनील उपाध्याय, प्रसून शुक्ला, नीरज शर्मा, जय प्रकाश गुप्ता, राम नरेश यादव, खुनुवा चौकी इंचार्ज महेंद्र चौहान, रामा प्रसाद यादव, वीरेंद्र पासवान, प्राधन गंगाधर मिश्रा, विंध्याचल गिरी आदि मौजूद रहे।




बालश्रम की रोकथाम के लिए लोगों को जानकारी देते सीओ हरिश्चंद्र। संवाद

## शोहरतगढ़ थाना परिसर में कार्यशाला का आयोजन

# दो बाइक चोर गिरफ्तार, पांच बाइक बरामद

**सिद्धार्थनगर।** दो बाइक चोरों को एसओजी और भवानीगंज पुलिस ने मंगलवार देर रात सिलोखरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक भी बरामद की गई। बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एएसपी सुरेशचंद रावत ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने के लिए एसओजी, सर्विलांस टीम को लगाया गया था।

मंगलवार रात मुखबिर से सूचना मिली वाहन चोर गिरोह के दो गुर्गे भवानीगंज थानाक्षेत्र में आने वाले हैं। वह चोरी के वाहनों को बिक्री के लिए कहीं ले जाएंगे। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसओजी प्रभारी जीवन तिवारी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव और एसओ भवानीगंज महेश कुमार सिंह की संयुक्त टीम तैयार की गई। इसके बाद सिलोखरा चौराहे पर टीम ने डेरा डाल दिया। संवाद

# फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी पकड़े गए

## एसओजी और डुमरियागंज पुलिस को मिली सफलता, मार्कशीट बनाने का सामान मिला

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** निजी आईटीआई कॉलेज संचालित कर फर्जी डिग्री बांटने वाले गिरोह का एसओजी और डुमरियागंज पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से फर्जी मार्कशीट, मुहर सहित अन्य सामान बरामद किया गया।

बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में सुरेश चंद रावत ने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर सूचना मिली कि डुमरियागंज क्षेत्र के कुछ संस्थान बिना कोर्स और बिना परीक्षा कराए फर्जी डिग्री बांट रहे हैं। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसओजी, सर्विलांस और डुमरियागंज पुलिस की संयुक्त टीम को तैयार किया गया।

टीम ने रामसूरत आईटीआई कॉलेज के प्रबंधक श्यामजी चौधरी से पूछताछ की। संस्थान के संबंध में प्रमाणपत्र मांगा गया तो कोई वैद्य कागजात नहीं दिखा पाए। संस्था की ओर से जारी प्रमाणपत्र की जांच की गई तो वह फर्जी पाए गए। उनकी निशानदेही पर रमेश यादव को पकड़ा गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका अलग-अलग दो आईटीआई कॉलेज है।

मार्कशीट उपलब्ध कराने के एवज में रुपये लेते हैं। मार्कशीट महर्षि दयानंद संस्थान के नाम से देते हैं।

**ये प्रमाणपत्र बनाते थे :** ओ लेवल, ए लेवल, ट्रीपल सी, एनटीटी, पीजीडीसीए, डीसीए, बांबे आर्ट और ओ लेवल की परीक्षा ऑनलाइन गिरोह की ओर से कराया जाता है। बाकायदा उसकी उत्तर पुस्तिका जारी करते हैं। पूछताछ में यह बात आरोपियों ने स्वीकार किया।

**टीम ने यह किया बरामद :** 24 अंकपत्र, 24 प्रमाणपत्र,100 पंजीकरण फार्म, 17 स्टैंप मुहर, 12 परीक्षा की कापियां, 12 आवेदनपत्र, पांच लैपटॉप, 20 डेस्कटॉप, एक डेड बैटरी, एक प्रिंटर, फिंगर स्नैकर, पेन ड्राइव और 1500 रुपये नकद बरामद किया गया।



पुलिस लाइंस में फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते पुलिस अधिकारी। संवाद

### पकड़ने वाली टीम को मिला इनाम

आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में एसओ डुमरियागंज सूर्यभान सिंह, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव, एसआई अजय कुमार सिंह, राजीव शुक्ल, विवेक जायसवाल आदि शामिल रहे। इन्हें 10 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।

### जांच में कई चेहरे होंगे बेनकाब

यदि मामले की तह तक जांच की गई तो कई और चेहरे बेनकाब होंगे। क्योंकि इस गिरोह के संचालन में कई ऐसे लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है कि उनके पकड़े जाने से बड़ा पर्दाफाश हो सकता है।

## ...तो क्या नेबुआ में भी थे नटवरलाल

**डुमरियागंज।** वर्ष 2008 में एसबीआई की मुख्य शाखा में पाए गए करोड़ों के जाली नोटों के चलते देश ही नहीं विदेशों में भी डुमरियागंज सुर्खियों में रहा। इसके अलावा कई ऐसे कांड हुए, जिससे डुमरियागंज चर्चा में रहा। एक बार फिर फर्जी डिग्री बांटने को लेकर चर्चा में आ गया है।

वर्ष 2008 में डुमरियागंज उस वक्त चर्चा में आया जब जाली नोटों की खेप पकड़ी गई। इसके बाद यहां गड़बड़ झाला रुका नहीं। वर्ष 2008 के अंत में बेवा चौराहा से एटीएम जालसाज पिंटू पांडेय को साइबर सेल ने पकड़ा। वर्ष 2012 में सीबीआई ने रेलवे की वेबसाइट से जालसाजी कर प्रतिदिन लाखों रुपये का टिकट बनाने के मामले में सलमान मलिक को पकड़ा।

### पांच वर्षों से चल रही थी जालसाजी

एसओजी और पुलिस के छापे में डुमरियागंज थानाक्षेत्र के ग्राम नेबुआ स्थित रामसूरत आईटीआई कॉलेज से पकड़े गए श्यामजी वर्मा ने पुलिस की पूछताछ में कबूल किया है कि वह पांच वर्ष से फर्जी मार्कशीट] डिग्री बनाने का काम करता था। इसमें उनका साथ इटवा निवासी रमेश यादव देते थे।

अब फिर डुमरियागंज थानाक्षेत्र के रमवापुर नेबुआ स्थित रामसूरत आईटीआई कॉलेज पर एसओजी और पुलिस की कार्रवाई में बरामद हुए फर्जी मार्कशीटों का जखीरा, मुहर, परीक्षा के प्रश्नपत्र व लिखित उत्तर पुस्तिकाएं आदि से डुमरियागंज क्षेत्र सुर्खियों में आ गया है। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-06-2022

# मनबढ़ों ने दलित युवक को पीटा, तीन नामजद

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के भोतहा गांव में प्रधान द्वारा जलनिकासी के लिए गांव में लगाने के लिए मंगाए गए पाइप को तोड़ने की पुलिस से शिकायत करने पर नाराज मनबढ़ों ने एक दलित युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर दलित युवक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर बुधवार को पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ मारपीट, जानमाल की धमकी देने, तोड़फोड़ करने तथा एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भोतहा गांव के प्रधान द्वारा जलनिकासी के लिए गांव में लगाए जाने हेतु पाइप मंगाया था। पूर्व में गांव निवासी कुछ मनबढ़ों ने उक्त पाइप को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसकी शिकायत भोतहा गांव निवासी दलित गिरजेश पुत्र बहाऊ ने नजदीकी पौली पुलिस चौकी पर कर दिया था। शिकायत करने से नाराज होकर बीते 20 जून को भोतहा गांव निवासी सूरज पुत्र रामकरन, विरेन्द्र पुत्र सुभाष तथा थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी शैलेष पुत्र लालबहादुर ने दलित गिरजेश को घेर लिया और उसे लाठियों से पीटकर बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद गिरजेश ने उक्त तीनों के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर दे दिया था लेकिन पुलिस घायल गिरजेश को इलाज के लिए अस्पताल भेजने के बाद जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दी थी। बुधवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों उक्त हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 427 तथा 3 (1) ( द) तथा 3 (1) (ध) एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर घायल दलित को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया। सीओ धनघटा रामप्रकाश का कहना है कि जांच में दोषी पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद, युवक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे आपरेशन तमंचा अभियान के तहत प्रभारी चौकी नवीन मंडी उ.नि. रजनीश राय ने हमराही हे.कां. मुरली मनोहर, कां. अजय कुमार सिंह, कां. पवन मद्धेशिया के साथ रात्रि गश्त कर रहे थ। इस दौरान संदिग्ध युवक पचपेड़वा मार्ग पर स्थित पुलिया के पास से समय 4.25 बजे मिला। पूछताछ की जो उसने अपना नाम मेराज अहमद पुत्र पुत्र इस्माइल निवासी परदेशवा थाना कोतवाली खलीलाबाद बताया। युवक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्होंने तलाशी ली तो उसके पास से 1 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। जिसे गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा।

# नाबालिग भगाने का आरोप : पांच के खिलाफ केस

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के राजेडीहा चौकी अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर अपनी नाबालिग पुत्री को मनबढ़ई एवं सीनाजोरी के दम पर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई एवं पुत्री को बरामद करने की गुहार लगायी है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। दी गई तहरीर में पीड़ित महिला ने कहा कि वह अनुसूचित जाति की गरीब महिला है। उसकी पुत्री कक्षा 11 की छात्रा है। पुत्री को उसके पड़ोसी अब्दुल रहमान पुत्र नसीब अपने परिवार के लईक व अब्दुल्लाह पुत्रगण नसीब, अपनी मां नाम अज्ञात व सलीम पुत्र नईम के सहयोग से बीते 18 ,19 जून की रात लगभग दो बजे उसके छत पर से मनबढ़ई,दबगंई एवं सीनाजोरी के दम पर लेकर चला गया। आरोपी अब्दुल रहमान की मां ने यह भी कहा कि उसकी लड़की को मेरा लड़का लेकर गया है और यदि वह चाहें तो उसकी लड़की के साथ बुरा भी हो सकता है। पीड़ित महिला ने आगे कहा कि वह बेहद गरीब है और उसके पति रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने व पुत्री को बरामद करने तथा परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अब्दुल रहमान पुत्र नसीब समेत पांच लोगों के खिलाफ धारा 363, 366, 120-बी, 504, 506 भादंवि व एससी ध् एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# रंजिशन मारने पीटने का आरोप

बखिरा(एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम करैली में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।मामले में पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दी गई तहरीर में मनीष कुमार पुत्र सुरेशचंद्र ग्राम करैली ने कहा है कि बुधवार को सुबह लगभग 07 बजे वह शौच के लिए गांव से बाहर गया था।जब वह वापस घर की तरफ आ रहा था तभी गांव के ही बाबूलाल पुत्र खुदुर,दिलीप,दिनेश व शैलेन्द्र पुत्रगण बाबूलाल ने पुरानी रंजिश को लेकर लाठी,डण्डा व लात घूंसा से मारने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई।

# उपनिबन्धक समेत 14 के विरूद्ध जालसाजी का मुकदमा

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के दुलहापार गांव के मामले को लेकर उपनिबन्धक धनघटा समेत दुलहापार गांव निवासी 14 लोगों के विरूद्ध बुधवार को धनघटा पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज के आधार पर बैनामा करने, घर में घुसकर चोरी, मारपीट और तोड़फोड़ करने के आरोप में धनघटा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना को लेकर पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के दुलहापार गांव निवासी रोशनी पत्नी मुस्ताक ने बताया कि उपनिबन्धन कार्यालय धनघटा में तैनात उपनिबन्धक की मिलीभगत से बीते 21 दिसम्बर 2021 को पहले विरोधियों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसकी पैतृक सम्पत्ति का बैनामा करा लिया और उसे बैनामा कराई गई पैतृक सम्पत्ति से बेदखल करने का लगातार प्रयास करने लगे।

**धनघटा थाना क्षेत्र के दुलहापार गांव का मामला**

इस बीच दुलहापार गांव निवासी विपक्षी जलील पुत्र खलील, आबिदा पत्नी जलील, मोहम्मद हुसेन, ताहिर, नवी पुत्रगण जलील, रहीम पुत्र तजम्मुल, अब्दुल हसन पुत्र सफात, नजमा पत्नी मोहम्मद हुसेन, रूकसाना पत्नी ताहिर हुसेन, साजिदा व मरियम पुत्रीगण जलील व रईस तथाकथित पुत्र सईद अहमद तथा खलीलावाद कोतवाली थानान्तर्गत लल्लन पुत्र यासीन उसके घर में घुस गए और तोड़ फोड़ कर घर को क्षतिग्रस्त करते हुए कीमती सामानों को नष्ट कर दिया। इतना ही नहीं उक्त विपक्षियों ने परिवार को मारपीट कर घायल करने के साथ ही घर में रखा कीमती सामान भी लेकर फरार हो गए। पीड़िता रोशनी पत्नी मुस्ताक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपनिबन्धक धनघटा समेत घर में घुसकर घटना को अंजाम देने वाले उक्त सभी विपक्षियों के खिलाफ धनघटा पुलिस ने आईपीसी की धारा 147, 419, 420, 467, 468, 471, 323, 504, 506, 427, 452, 379 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि प्रार्थनापत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरूकर दी गयी है। जांच में नामजद आरोपियों मेंसे जितने लोग भी दोषी पाए जाएगे उन्हें गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। कोतवाल विजय नारायण ने बताया कि बुधवार को रात्रिगश्त में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग के दौरान पचपेड़वा मार्ग पर स्थित पुलिया के पास से समय 4.25 बजे मेराज अहमद को देशी तमंचा के साथ गिरफ्तार किया।

# चार के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर दो गांव के रहने वाले चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, धमकी की धाराओं में केस दर्ज कराया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस तहरीर में बताया कि उसकी जेठानी की लड़की के साथ 13 जून की रात करीब दस बजे सड़हरा निवासी प्रमोद कुमार ने दुष्कर्म किया। जानमाल की धमकी देने में आरोपी के खास लोगों ने सहयोग भी किया। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रमोद निवासी सड़हरा, कन्हैया , अरविंद , महेंद्र के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, जानमाल धमकी में केस दर्ज किया गया है।

# पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पुलिस कर्मियों ने मारपीट के घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीआरवी 2546 को थाना महुली के परसोना रोड से कालर ने मारपीट व विवाद की सूचना दी।

सूचना के बाद पांच मिनट के भीतर पीआरवी टीम मौके पर पांच मिनट के भीतर पहुंची। पहले विवाद को शांत कराया। इस दौरान घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए सीएच 'सी नाथनगर एंबुलेंस के पहुंचाया। विवाद की सूचना महुली पुलिस को दी।

# जानलेवा हमले में वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। थाना बेलहर की पुलिस ने जानलेवा हमले में वांछित अभियुक्त पवन कुमार पुत्र राममिलन को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, वहां से जेल भेज दिया गया।

वादी राममिलन पुत्र स्वर्गीय रामानन्द निवासी परसिया ने सूचना दिया गया कि उसका बेटा बहुत मनबढ़ किस्म का है, आये दिन पूरे घर वालों को मारता पीटता रहता है। 22 जून को उसने मेरी पत्नी ज्ञानमती को लाठी व ईटो से मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया व सर पर गम्भीर चोट लगने से मौके पर गिरकर बेहोश हो गई, तत्पश्चात उसने अपने पत्नी को भी मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया है। दोनों घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दबिश के दौरान दो अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। वांछितों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान जिले की पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया। दुधारा पुलिस ने रियाज पुत्र अन्ना निवासी साफियाबाद और धर्मसिंहवा पुलिस ने मोहम्मद आजम पुत्र शकील अहमद निवासी मेंहदुपार को गिरफ्तार किया।

# सहयोगी को बचाने पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की दबंगों ने कर दी पिटाई

**विवाद**

- महुली क्षेत्र के भैंसही जोत कला का मामला
- रंजिश में युवक की पिटाई कर रहे थे मनबढ़

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसही जोत कला में मंगलवार को चुनावी रंजिश को लेकर गांव के मनबढ़ों ने एक युवक की पिटाई कर दी। इस दौरान सहयोगी को पिटता देख बीच बचाव करने पहुंचे प्रधान प्रतिनधि को भी मार पीटकर घायल कर दिया गया है।

मामले में पीड़ित ने थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दे दी है लेकिन शाम तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। पीड़ित के अनुसार उक्त मनबढ़ ग्राम पंचायत में किसी तरह के विकास कार्यो को नहीं होने देने की धमकी देते रहते हैं। हर कार्य अड़ंगा डालने की कोशिश करते हैं।

महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसही जोत कला निवासी प्रदीप कुमार पुत्र राम नाथ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। प्रर्थना पत्र में बताया है कि सोमवार को ग्राम पंचायत कोल्हुआगाड़ा के राजस्व गांव भैसहीजोत कला में ग्राम पंचायत द्वारा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वह भी प्रधान प्रतिनिधि राम उग्रह के साथ मौजूद था। इसी दौरान गांव के कुछ मनबढ़ किस्म के लोग पहुंचे। चुनावी रंजिश को लेकर गालियां देने लगे। सड़क निर्माण कार्य को जबरदस्ती रोकवा दिया। श्रमिकों को भगाने लगे। प्रदीप के अनुसार जब उसने इस पर एतराज किया तो उक्त लोग मारने पीटने के लिए उस पर टूट पड़े। इसी दौरान जब बीच बचाव करने पहुंचे प्रधान प्रतिनधि राम उग्रह पहुंचे तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। वादी के अनुसार उक्त मनबढ़ों द्वारा ग्राम पंचायत में किसी तरह का विकास कार्य न होने देने की धमकी दी जा रही है। मामले में वादी ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

# 33 वाहन चालकों से 25 हजार समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से बुधवार को विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की। जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 33 वाहन चालकों से 25 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। (जासं)

# अवैध अस्पतालों पर छापेमारी, तीन सील



अस्पताल को सील करने पहुंची प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम● जागरण


अवैध अस्पतालों को सील करती जिला प्रशासन की टीम व पुलिस ● जागरण

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगरः** खलीलाबाद के उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मोहन झा के साथ शहर और आसपास के अवैध अस्पतालों पर छापेमारी की। शहर में बिना किसी कागजात के चल रहे तीन अस्पतालों को सील करने के साथ ही दो अस्पतालों को सात दिन के अंदर वैध कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। शहर में पचास से अधिक अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। इसकी शिकायत जिला प्रशासन से लेकर शासन तक हो रही है। दिन में लगभग एक बजे एसडीएम शहर के अपूर्वा अस्पताल पर पहुंचे, यहां नामित कोई चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। बिना डिग्री के लोग भर्ती मरीजों का इलाज कर रहे थे। अस्पताल पर मौजूद कर्मी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। इसे लेकर अस्पताल को सील कर दिया गया। इसके बाद एसडीएम के नेतृत्व में टीम हमीदिया अस्पताल पर पहुंची, हाल यहां भी बदतर रहा। अस्पताल के बोर्ड पर कई विशेषज्ञ चिकित्सकों का नाम अंकित होने के बाद भी कोई मौजूद नहीं मिला।

इस अस्पताल को भी सील कर दिया गया। अयोध्या आई केयर अस्पताल भी मानक विहीन संचालित होने को लेकर सील किया गया। शहर के ममता अस्पताल व संतकबीर आई केयर अस्पताल के आपरेशन थियेटर, वार्ड समेत ओपीडी की व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर सात दिनों के अंदर अस्पताल संचालक को मानक पूरा करके रिपोर्ट देने और वैध कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।


ममता अस्पताल में कागजात की जांच करते उप जिलाधिकारी अजय त्रिपाठी● जागरण

- दो अस्पतालों को सात दिनों के अंदर कागजात प्रस्तुत करने का एसडीएम ने दिया निर्देश
- छापेमारी में एसीएमओ रहे साथ, बिना पंजीकरण के अस्पतालों में हड़कंप

ममता अस्पताल के संचालक पर आरोप है कि वह चिकित्सक नहीं है, लेकिन बोर्ड में एमबीबीएस के साथ ही अन्य डिग्री लिखी है। इसकी जांच के लिए एसडीएम ने एसीएमओ को निर्देश दिया है।

सात दिन के अंदर यदि कागजात वैध नहीं मिले तो अस्पताल सीज करने के साथ ही मुकदमा भी दर्ज होगा। एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बिना पंजीकरण व मनमाने रूप से संचालित अस्पतालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। लोगों के जीवन के साथ खेलकर किसी को व्यवसाय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

**घेरे में सीएमओ कार्यालय के एक चर्चित बाबू की भूमिकाः** देखा जाय तो सिर्फ खलीलाबाद शहर और आसपास लगभग सौ से अधिक अस्पताल संचालित हैं। विभाग में पंजीकरण महज 20 से 25 निजी अस्पतालों का है। ऐसे में धड़ल्ले से बड़ा-बड़ा बोर्ड लगाकर नीम हकीमों के बल पर बिना पंजीकरण के ही निजी अस्पताल संचालक न सिर्फ मोटी कमाई कर रहे हैं बल्कि लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ भी कर रहे हैं। एसडीएम की जांच के दौरान


शहर में अस्पताल को सील करते कर्मचारी● जागरण

> अभियान चलाकर अवैध अस्पतालों को सील किया जाएगा। मनमाने रूप से निजी अस्पतालों के संचालन में सहयोग करने वाले बाबू की भूमिका की जांच करवाकर उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> दिव्या मित्तल, डीएम, संतकबीर नगर

अवैध अस्पतालों के संचालन में सीएमओ कार्यालय के एक चर्चित बाबू की भूमिका सामने आई है। हालांकि औपचारिक रूप से जांच टीम के किसी सदस्यों ने इस बात को सार्वजनिक नहीं किया। लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि जिला अस्पताल का चर्चित बाबू हर माह लाखों की वसूली करके अस्पताल चलवाता है। सीज किए गए अस्पतालों के जुड़े लोगों ने भी एसडीएम से बाबू की शिकायत की। इस मामले की जांच के लिए एसडीएम ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया।

**जान ले रहे मानकविहीन अस्पतालः** विभागीय मिलीभगत से संचालित अवैध अस्पतालों का हाल यह है कि आपरेशन आदि तक का कार्य दूसरे के नाम पर झोलाछाप करते हैं। इसी दौरान कई को जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है।

सरकारी अस्पतालों में लापरवाही को लेकर लोग बेहतर सुविधा प्राप्त करने के लिए निजी अस्पतालों को शरण लेते हैं। लगभग छह माह पूर्व खलीलाबाद के बूधा कला निवासी महिला की इसी क्रम में एक निजी अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। अभी तक महिला के गर्भ में पल रहे दूसरे बच्चे का पता नहीं चल सका है।

# शांतिभंग की आशंका में 10 आरोपित गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को शांति भंग की आशंका में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो तथा धनघटा पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। (जासं)

# दो वारंटी भेजे गए जेल

संतकबीर नगर : दुधारा व धर्मसिंहवा पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटियों को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दुधारा पुलिस ने साफियाबाद गांव निवासी रियाज पुत्र अन्ना तथा धर्मसिंहवा पुलिस ने मेंहदूपार गांव निवासी मो. आजम पुत्र शकील अहमद को गिरफ्तार किया है। (जासं)

# रंजिश में तीन लोगों की पिटाई मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। दुधारा क्षेत्र के करही गांव में रंजिश में कुछ लोगों ने एक युवक की पिटाई की। बचाव करने पहुंचे मां-बेटे को भी पीटकर घायल कर दिया। बुधवार को इस मामले में पुलिस ने चार लोगों पर मारपीट एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

करही निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र सुभाषचंद्र का आरोप है कि मंगलवार को देर शाम रंजिश को लेकर गांव के फिरोज अहमद, हस्नान, उस्मान, सिराजुद्दीन उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध पर उसे लाठी, डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। शोर सुनकर अजय, गुड़िया देवी बीच-बचाव में पहुंच गईं। आरोप है कि लोग बचाव करने पर मां-बेटे को भी मारपीट कर घायल कर दिए। पिटाई से तीनों लोगों को चोटें आईं। घटना को तमाम लोगों ने देखा और बीच-बचाव किया। संवाद

# अवैध रूप से संचालित तीन अस्पताल सील

## एसडीएम सदर के नेतृत्व में की गई कार्रवाई, दो अस्पतालों को नोटिस





शहर स्थित ममता और हामीदिया हॉस्पिटल की जांच करते एसडीएम सदर, अपर सीएमओ और सीओ। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के ख़िलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को खलीलाबाद विकास खंड के बरदहिया बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर एसडीएम सदर अजय त्रिपाठी व एसीएमओ डॉ. मोहन झा के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा। इस दौरान तीन अस्पताल बगैर रजिस्ट्रेशन के चलते पाए गए। टीम ने तीनों अस्पतालों को सील कर दिया है। इसके साथ ही दो अस्पताल संचालकों को नोटिस दिया गया है।

काफी दिनों से संचालित अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई के लिए शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीएम सदर अजय त्रिपाठी, एसीएमओ डॉ. मोहन झा, सीओ अंशुमान मिश्र सहित टीम ने बरदहिया बाजार स्थित अपूर्वा अस्पताल, हमीदिया अस्पताल व मोतीनगर में अयोध्या आई केयर अस्पताल पर छापा मारा। एसीएमओ डॉ. मोहन झा ने बताया कि अस्पताल बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे थे। इन अस्पतालों को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही टीम ने ममता हॉस्पिटल व संतकबीर आई केयर अस्पताल पर भी छापा मारा। इन अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन था लेकिन मानक पूरा करते नहीं पाए गए। ऐसे में संचालकों को नोटिस दिया गया और सात दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसीएमओ ने बताया कि चेकिंग का यह अभियान लगातार चलेगा। जो भी अस्पताल शासन के मानक के अनुरूप नहीं चल रहे हैं, उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान लेखपाल जयशंकर यादव, यदुनाथ त्रिपाठी, राकेश यादव, विजय वर्मा, अयोध्या प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# चेकिंग में तमंचा कारतूस के साथ पकड़ा गया युवक

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार देर शाम वाहन चेकिंग के दौरान पचपेड़वा मार्ग पर स्थित पुलिया के पास से एक युवक को तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान मेराज अहमद निवासी परदेसवा कोतवाली के रूप में हुई। तलाशी में पकड़े गए आरोपी के पास से देशी तमंचा 12 बोर व दो अदद कारतूस बरामद हुआ।

पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में चौकी इंचार्ज नवीन मंडी रजनीश राय, हेड कांस्टेबल मुरली मनोहर, कांस्टेबल अजय कुमार सिंह, कांस्टेबल पवन मद्धेशिया शामिल रहे। ब्यूरो

# मां और पत्नी को पीटने वाला गिरफ्तार

## दोनों घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** बेलहर कला पुलिस ने बुधवार को पत्नी और मां की पिटाई करके घायल करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि पीड़ित राममिलन पुत्र स्वर्गीय रामानंद निवासी परसिया ने सूचना दी कि उसका बेटा बहुत मनबढ़ है। आए दिन पूरे घरवालों को मारता-पीटता रहता है। बुधवार को बेटे ने मां ज्ञानमती को लाठी व ईंटों से मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पिटाई से उसकी पत्नी के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर गिरकर बेहोश हो गई। दोनों घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय संतकबीरनगर में चल रहा है। इस मामले में आरोपी पवन कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई विजय कुमार यादव, कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल पुनीत कुमार पाठक शामिल रहे।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-06-2022

# शान्ति भंग करने पर तीन आरोपी गिरफ्तार

वजीरगंज। क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। बुधवार को आरोपी दीपक सिंह पुत्र बेचन सिंह, बेचन सिंह पुत्र नाथू सिंह, संतोष सिंह पुत्र कौशल किशोर सिंह निवासी ग्राम पंचायत कोंडर को एसआई सच्चिदानंद मिश्रा व कांस्टेबल विनय कुमार ने गिरफ्तार कर लिया।

# छेड़खानी के मामले में पुलिस जांच में जुटी

परसपुर। कस्बे के मुख्य चौराहा से रगड़गंज मार्ग स्थित एक पेट्रोल पम्प समीप एक निजी हास्पिटल के डाक्टर पर अनुसूचित जाति की एक महिला ने इलाज के दौरान छेड़खानी व मारपीट का आरोप मढ़ा है। एसओ ने बताया कि आरोपी डॉक्टर को थाने बुलाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# प्रतिबंधित पशु वध मामले में महिला समेत पांच गिरफ्तार

## कार्रवाई

खरगूपुर, संवाददाता। पुलिस ने प्रतिबंधित पशु वध में शामिल दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 25 किलो प्रतिबंधित पशु का मांस व तीन धारदार हथियार(बांका), एक लकड़ी का ठीहा, दो धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने पांचों आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधित पशु वध निवारण अधिनियम, जानलेवा हमला, जान से मारने की धमकी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि वह बुधवार देर शाम पुलिस टीम के साथ पैदल मार्च कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग लोनावादरगाह गांव में प्रतिबंधित पशु का वध करने जा रहे है। वहां से पशु तस्कर अकबर अली पुत्र किशोरी, इद्दन निशा पत्नी अकबर अली, नूरजहां पत्नी रिजवान, शाजिया पुत्री अकबर अली निवासीगण लोनावा दरगाह थाना खरगूपुर और इरसाद आलम उर्फ छोटू पुत्र लंगड़ निवासी धरमेंई थाना इटियाथोक को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 25 किलो प्रतिबंधित पशु का मांस व तीन धारदार हथियार दांव(बांका) व एक लकड़ी का ठीहा,दो धारदार चाकू बरामद किया गया है।

टीम में उपनिरीक्षक भोलाशंकर, चन्द्रभूषण पाण्डेय, मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, शम्भू तिवारी, मुनव्वर, राजकिशोर, आरक्षी सत्यजीत मौर्य, सुबेन्द्र सिंह, सुजीत कुमार, रितेश खरवार, अश्विन सिंह, मंगला सिंह यादव, अभिनव सिंह, विद्यासागर, अनिल कुमार यादव, ओमप्रकाश यादव, अजीत कुमार निषाद, आनन्द कुमार साहनी, अनन्त प्रताप सिंह, चन्द्रेश वर्मा महिला आरक्षी अर्चना, वैष्णवी, दीपा कुशवाहा, अंतिमा यादव, शिल्पा यादव, शालिनी सिंह, संतोष कुमारी, हिमांशी अवस्थी, कल्पना वर्मा, स्नेहा शुक्ला, श्वेता,,कल्पना वर्मा, पिंकी यादव,कल्पना मौर्या शामिल रहीं।

# एएसपी ने छात्रों को जागरूक किया

वजीरगंज। शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मठिया में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज रहे। उन्होंने ने बताया कि शिक्षित होकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। कहा कि धूम्रपान, गंदी आदतों से दूर होकर हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 112, 1098 ,1090 के द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया। बच्चों को सड़क सुरक्षा यातायात के नियमों को भी बताया।

उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी मित्र है कहीं भी रहे समस्या आने पर पुलिस की सहायता लें। शिक्षक सुनील कुमार आनन्द ने बताया कि बाबा मठिया के पूर्व छात्र छात्राएं जो इस वर्ष हाईस्कूल व इंटरमीडियट की परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, शांति फाउंडेशन की अध्यक्ष पिंकी देवी ने छात्रों को पुरातन सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दारोगा आशीष कुमार, चाइल्डलाइन टीम सदस्य राजू चौधरी, बाबा मठिया विद्यालय स्टॉफ सुनील कुमार आनन्द, रमेश कुमार, साबरमती देवी रहीं।

# एक और सीओ सर्किल का गठन किया गया

धानेपुर/गोण्डा, संवाददाता। जिले में एक और सीओ सर्किल का सृजन किया गया है। जिससे अब जिले में चार के स्थान पर पांच सीओ सर्किल हो गया है। इसके लिए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने नये सिरे सर्किल का गठन कर दिया है और थाना क्षेत्रों का सर्किल वार विभाजन भी कर दिया है।

एसपी संतोष मिश्र ने बताया कि जिले में एक नये सीओ सर्किल क्षेत्र के गठन का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश इलाहाबाद पुलिस मुख्यालय को भेजा गया था। जिस पर अपनी संस्तुति कर पुलिस महानिदेशक को भेज दिया था। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के वित्त नियंत्रक की सहमति व पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन होने के बाद अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किया गया था। अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन गृह व पुलिस सेवाएं के निर्देश के क्रम मे जिले में एक अतिरिक्त सीओ सर्किल का पद सृजित किया गया है। बताया कि आदेश के क्रम में नये सीओ सर्किल नगर का गठन कर सर्किल क्षेत्र में थानों का बंटवारा कर दिया गया है।

## ये थाने इन सर्किल में

नवसृजित सीओ सर्किल नगर में कोतवाली नगर व देहात, महिला थाना व खरगूपुर थाना शामिल किया गया है। सीओ सदर सर्किल में इटियाथोक, धानेपुर व मोतीगंज थाने को रखा गया है। मनकापुर सर्किल में कोतवाली मनकापुर, थाना खोड़ारे व छपिया शामिल किया गया है। करनैलगंज सर्किल में करनैलगंज, परसपुर, कटराबाजार व कौड़िया थाना शामिल किया गया है। तरबगंज सर्किल में तरबगंज, नबाबगंज, वजीरगंज व उमरीबेगमगंज थाना शामिल किया गया है।

# कमरे से निकल एसपी ने बरामदे में सुनी फरियाद

## एसपी को इस तरह देखकर पीड़ितों के चेहरे पर दिखी न्याय की आस

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पूरे एक्शन में हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अपने कार्यालय में बैठकर जनसमस्याएं सुन रहे थे। बाहर निकले तो फरियादियों की भीड़ देखकर वहीं कुर्सी लगाकर बैठ गए। हर एक फरियादी की शिकायत सुनकर उन्होंने न सिर्फ कार्रवाई का भरोसा दिया, बल्कि सीओ को जिम्मेदारी सौंपी। पुलिस अधीक्षक ने दो टूक कहा कि आपराधिक मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सदर तहसील के धनौली गांव के रहने वाले प्रेमानंद अपने पूरे परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे थे। एसपी को बताया कि विरोधियों ने हत्या के एक मामले में उसके भाई ननके को फंसा दिया है, जबकि वह निर्दोष है। मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। एसपी ने प्रेमानंद को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया। तरबगंज के रहने वाले राम भरोसे ने कहा कि कुछ लोग उसकी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करता है तो उससे मारपीट की जाती है। उसने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। करनैलगंज की फात्मा, कटरा बाजार के ननकू, नगर के विकास, बेलसर के बाबादीन ने भी शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की।



गोंडा में कार्यालय के बरामदे में मामलों की सुनवाई करते एसपी। संवाद

### प्रशिक्षु सीओ शिल्पा वर्मा को सौंपी कई मामलों की जांच

पुलिस अधीक्षक ने पीड़ितों की शिकायतों को सुना। उन्होंने मौजूद प्रशिक्षु सीओ शिल्पा वर्मा को शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज करने व जांच का निर्देश दिया। कहा कि शिकायती पत्रों में फरियादियों का नंबर जरूर अंकित कराया जाए, ताकि मामले की नियमित मॉनीटरिंग की जा सके।

### लापरवाह थाना प्रभारी पर नजर

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा का कहना है कि वह प्रतिदिन जनता दर्शन में समस्याओं की सुनकर उसका निस्तारण करते हैं। संबंधित अधिकारियों को भी प्लान के तहत काम करने का निर्देश दिया गया है। कहा कि कुछ थाना प्रभारियों की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे थाना प्रभारी उनकी नजर में हैं। यदि सुधार न हुआ तो ऐसे थाना प्रभारी कार्रवाई की जद में होंगे।

# ठगी के मामले में एसपी के आदेश पर दो लोगों पर केस

परसपुर (गोंडा)। आवास के नाम पर 40 हजार रुपये ठगने के मामले में एसपी के आदेश के बाद पुलिस ने दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी पर पीड़िता को डांटकर भगाने का आरोप है।

कस्बा परसपुर के मंदिर रामजानकी मुहल्ला मिश्रन निवासिनी रीता मिश्रा ने एसपी के आदेश से दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 19 जून को उसके मोबाइल पर एक फोन आया। बताया गया कि वह विधान सभा लखनऊ से बोल रहा है। उसके नाम से चार लाख रुपये का आवास आया है। उससे 40 हजार रुपये मांगे। स्वयं को आकाश व चंद्रमोहन बताया। कहा कि 40 हजार भेज दो आवास स्वीकृत हो जाएगा। 20 जून को पुनः फोन आया कि पैसा तुरंत भेज दो। चंद्रमोहन के कहने पर किसी तरह अपने खाते से 38 हजार रुपया भेज दिया। रुपया भेजने के बाद फोन मिलाया तो वह मोबाइल नंबर बंद मिला। पता चला कि ठगी हुई है। थाने गई तो प्रभारी निरीक्षक ने डांट कर भगा दिया। एसपी से फरियाद की। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आकाश व चंद्रमोहन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। डांट कर भगा देने की बात बेबुनियाद है। संवाद

# गोवध में तीन महिलाओं समेत पांच गिरफ्तार

**खरगूपुर (गोंडा)।** पुलिस ने गोवध करने वाले तीन महिलाओं सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 25 किलो गोमांस व तीन बांका व चाकू सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम, जानलेवा हमला, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि बुधवार को वह टीम के साथ पैदल गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि कुछ लोग लोनावा दरगाह गांव में गोवध करने जा रहे हैं। सूचना पर वह टीम के साथ लोनावा दरगाह गांव पहुंचे। गोवध करने वाले आरोपी अकबर अली, इद्दनिशा, नूरजहां,शाजिया निवासी लोनावा दरगाह, इरशाद आलम उर्फ छोटू निवासी धरमेई थाना इटियाथोक मौके पर मिले। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-06-2022

# गुंडा अधिनियम में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस ने गुंडा अधिनियम के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के पास से अवैध असलहा बरामद हुआ है। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक कृष्ण मोहन राव, हमराही विशाल द्विवेदी ने ग्राम प्रानपुर के पास से जोगियाकला निवासी राजू पुत्र रामउगर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध करीब आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से अवैध तमंचा तथा कारतूस बरामद हुआ है।

# महिलाओं को बताए गए उनके अधिकार

## मिशन शक्ति



मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जानकारी देते पुलिस टीम

बलरामपुर, संवाददाता। जब जिले की जनता साक्षर होंगी तभी अपराध के विरुद्ध आवाज उठा पायेगी। सभी लोग अपने बेटे व बेटियों को शिक्षित जरूर करें। सरकार की मंशा है कि सभी शिक्षित हों। इसके लिए सभी अपने बच्चों का दाखिला विद्यालय में अवश्य कराएं। यह बातें बुधवार को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने कही। एसपी ने मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत तुलसीपुर के बलरामपुर चौराहे पर लोगों को जागरूक किया। कहा कि मनचलों पर प्रशासन सख्त है। सिविल ड्रेस में पुलिस भीड़-भाड़ व अन्य स्थानों पर बराबर चेकिंग अभियान चला रही है। महिलाएं छात्राएं छेड़छाड़ छींटाकशी जैसे मामलों पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को सीधे मदद उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था की है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने कहा कि वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दी जा सकती है।

# अभियुक्त गिरफ्तार अवैध तमंचा बरामद

ललिया। स्थानीय थाना की पुलिस ने जिला बदर शातिर अभियुक्त वारंटी के पास से एक अदद अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद कर उसे जेल भेजा है।

थाना निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक कृष्ण मोहन राव, सिपाही बिशाल द्विवेदी ललिया-मथुरा मार्ग पर गस्त करके जा रहे थे। इसी बीच प्रानपुर मोड़ के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस पीछा कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजू पुत्र राम उग्गर निवासी जोगिया कला थाना ललिया बताया। तलाशी के दौरान एक अदद 12 बोर तमंचा, एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ मौजूद पुलिस बल।

# 62 लीटर अवैध शराब के साथ दो दबोचे

बलरामपुर। जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में करीब एक दर्जन गांव में छापामारी की गई। इस दौरान 20 लीटर अवैध नेपाली शराब आबकारी टीम ने बरामद की है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने पुलिस की संयुक्त टीम के साथ कोतवाली देहात के ग्राम बेला, हरिहरगंज, सिसई के साथ तुलसीपुर, पचपेड़वा एवं थाना रेहरा बाजार में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आबकारी एवं पुलिस टीम को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 143 सीसी नेपाली शराब बरामद की गई।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार हुआ

बलरामपुर। थाना गैसड़ी पुलिस ने दुष्कर्म के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के लिए रवाना किया गया। यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान सिंह ने बताया। कहा कि थाना क्षेत्र की एक पीड़िता के साथ बहला-फुसलाकर दुष्कर्म का मामला आया था। उन्होंने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर सूचना मिलते ही खड़कुइयां निवासी राकेश सैनी पुत्र स्वर्गीय गौरी शंकर को गिरफ्तार किया गया है।

# मादक पदार्थों का तस्कर तमंचे की साथ गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना श्रीदत्तगंज पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले युवक को अवैध गांजा, देसी तमंचा, जीवित कारतूस व बाइक के साथ पकड़ा है। धरपकड़ बुधवार भोर उतरौला बाईपास के निकट हुई है।

थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र में मादक पदार्थों के बिक्री की बात सामने आ रही थी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने अवैध कारोबार को रोकने की जिम्मेदारी उतरौला के क्षेत्राधिकारी उदय राज सिंह व श्रीदत्तगंज थाना के प्रभारी विपुल पांडेय को सौंपी थी। बुधवार भोर उप निरीक्षक आलोक चंद्रा, सिपाही समीर पांडेय, चंद्रशेखर चौहान व सुशील पांडेय गश्त कर थाना लौट रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली की मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला एक व्यक्ति उतरौला बाईपास के निकट मौजूद है।

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**ललिया।** स्थानीय थाने की पुलिस ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी अशफाक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी ने बताया कि शनिवार की रात शौच के लिए गई विवाहिता को अशफाक ने खेत में खींच ले जाकर दुष्कर्म किया था। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। आरक्षी सागर रावत, बालेंदु सिंह, नीरज शुक्ला के साथ मिलकर अभियुक्त को राजीपुर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# मनचलों का डटकर करें मुकाबला



बलरामपुर। मनचलों का डटकर मुकाबला करें, पुलिस आपके साथ है। शासन से जारी हेल्पलाइन नंबर का उपयोग कर मनचलों पर कार्रवाई करने में पुलिस का सहयोग करें। यह बातें बुधवार को एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम में कहीं। इस दौरान छात्राओं को जागरूक किया। सरकार की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, चौराहों व गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं व बेटियों को मनचलों का डटकर मुकाबला करने की बात भी कही गई। (संवाद)

# चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

तुलसीपुर (बलरामपुर)। स्थानीय थाना पुलिस ने बुधवार को चरस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव ने बताया कि ग्राम सड़वा गुलरिया तुलसीपुर निवासी सलीम उर्फ ननके को 78 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया। संवाद

# देशी तमंचा, कारतूस व गांजे के साथ गिरफ्तार

**बलरामपुर।** श्रीदत्तगंज थाने की पुलिस ने बुधवार को देशी तमंचा, कारतूस व अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ मुकदबा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि उपनिरीक्षक आलोक चन्द्रा ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर दारीचौरा थाना श्रीदत्तगंज निवासी बृजेश कुमार त्रिगुनायत को एक किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा, एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक कारतूस तथा एक मोटर साइकिल के साथ ग्राम श्रीदत्तगंज उतरौला बाईपास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जरिए न्यायालय जेल भेज दिया गया है। संवाद



पकड़ा गया अभियुक्त।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-06-2022

# वकील की पत्नी को सौंपी सहायता राशि

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता संघ के भवन में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ की अगुवाई में वकीलों ने शोकसभा का आयोजन किया। बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत अधिवक्ता अतीफुल्ला के आवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी को सम्मान राशि सौंपी।

शोकसभा की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह व संचालन महामंत्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने किया। शोकसभा में वकीलों ने संघ के वरिष्ठ सदस्य अतीफुल्ला के आकस्मिक निधन पर दुख जताते हुए दो मिनट का मौन रखा। बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत अतीफुल्ला की पत्नी को दो लाख, 70 हजार की सम्मान राशि प्रदान की। इस मौके पर रामछबीले शुक्ल, अश्विनी शुक्ल, मोहम्मद अनीस, इम्तियाज अहमद, रियाजुद्दीन, साजिद अली आदि मौजूद रहे।



बहराइच में अधिवक्ता की पत्नी को सहायता राशि देते पदाधिकारी। -संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-06-2022

# 20 लीटर अवैध शराब के साथ एक पकड़ा गया

श्रावस्ती। गिलौला पुलिस ने कुरकुट यादव पुत्र राम धीरज यादव निवासी बगनहा थाना गिलौला को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। आरोपी के विरुद्ध थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एक व्यक्ति को पकड़ा गया है।

# 21 वाहनों का चालान, 32 हजार 500 वसूले

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस की ओर से विभिन्न मार्गों पर वाहनों के कागजातों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस ने मंगलवार को 21 वाहनों का चालान करके 32 हजार 500 रुपए वसूल किए गए। इसके साथ ही वाहन चालकों को चेतावनी भी दी गई।

# नाजायज गांजे के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। इकौना पुलिस ने एक व्यक्ति को 700 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान छुट्टन पुत्र मंगरे विश्वकर्मा निवासी पसियनपुरवा थाना इकौना के रूप में हुई है। आरोपी पर इकौना थाने में मामला दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

# शांतिभंग में 15 धरे गये

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने मंगलवार रात 15 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने मंगलवार रात गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम पसियन पुरवा निवासी छुट्टन विश्वकर्मा के रूप में हुई। जिसके कब्जे से पुलिस ने 700 ग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार छुट्टन वश्विकर्मा के विरुद्ध इकौना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। (संवाद)

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने मंगलवार रात गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम बदनाहा निवासी कुरकुट यादव पुत्र राम धीरज के रूप में हुई। जिसके कब्जे से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। (संवाद )

# 21 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार को विभिन्न चेकपोस्ट, बैरियर सहित संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की जांच कर 21 का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 32,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद )